दिनमान | तापमान
सूर्योदय 5.16 | सूर्यास्त 5.56 | अधिकतम 37° | न्यूनतम 27°

वर्ष 18, अंक 299 पृष्ठ 8
कोलकाता, गुरुवार, 16 अप्रैल , 2026
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, वि.सं. 2083
मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक
# युवा शक्ति
कोलकाता संस्करण
www.yuvashaktinews.com



# तृणमूल से लूटी गयी संपत्ति का पाई पाई वसूल करेगी भाजपा : शाह



**और क्या-क्या कहा**
- अभी घुसपैठियों के नाम हटे हैं, अब देश से बाहर करेंगे
- जीतने के बाद गोरखा मुद्दे के समाधान को प्राथमिकता

**कोलकाताः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है. उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना निश्चित है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा. शाह ने कहा, मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में भी पिछले 12 साल से नेतृत्व कर रहे हैं; फिर भी उनके खिलाफ एक पैसे तक का किसी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा. शाह ने रैली में कहा, बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाएं और तृणमूल नेताओं द्वारा लोगों से लूटे गए एक-एक पैसे को ब्याज समेत वसूला जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने 'शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से '100 करोड़ रुपये चुराए. शाह ने कहा, उत्तर बंगाल तीन 'टी' के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन). लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा 'टी' जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकर्ताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है. उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार तृणमूल के गुंडों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का अपना काम पूरा करेगी. उत्तर बंगाल केंद्रित कई विकास योजनाओं की घोषणा करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में सरकार बनने के बाद पार्टी चाय बागान श्रमिकों को भूमि स्वामित्व प्रदान करेगी, जिससे वे भूखंडों के मालिक बन जाएंगे. भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में भी इन योजनाओं का वादा किया है. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची से घुसपैठियों के केवल नाम हटाए हैं, जबकि अगला कदम उन्हें देश की सीमाओं से बाहर करना होगा. कूचबिहार जिले के तूफानगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर पूर्वी सीमाओं को इस तरह सील किया जाएगा कि परिंदा भी पर नहीं मार सके. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं करा रही हैं. शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद 45 दिनों के भीतर सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा.

उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने और 'नारायणी बटालियन' के गठन जैसे कदम उठाए जाएंगे. जलगांव के राजगंज में एक अन्य सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा किए गए कथित भ्रष्टाचार की एक-एक पाई वसूलकर जनता को लौटाई जाएगी.

## लाला सिंडिकेट के आरोपितों की 159.51 करोड़ की संपत्ति जब्त



**कोलकाता/रांचीः** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज वाले इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खनन व चोरी में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने मास्टरमाइंड अनूप मांझी उर्फ लाला के सिंडिकेट से जुड़े आरोपितों की 159.51 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त की है. इस कुर्की के साथ ईडी ने इस पूरे प्रकरण में अब तक कुल 482.22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है. ईडी ने जब्ती नोट में न्यायालय को बताया है कि एक सिंडिकेट के माध्यम से अवैध खनन किया जा रहा था, जिसका नेतृत्व अनूप मांझी उर्फ लाला कर रहा था. जांच में बंगाल के कुछ लाभार्थी कंपनियों को जान-बूझकर अवैध रूप से निकाले गए कोयले को नकद में खरीदते हुए पाया था. इन कंपनियों की मदद से अपराध से मिली रकम को छिपाने और उसे वैध दिखाने में मदद मिली. जब्त की गई संपत्ति में कारपोरेट बांड और वैकल्पिक निवेश फंड जैसी चल संपत्ति शामिल हैं. ये चल संपत्ति लाभार्थी संस्थाओं के नाम पर रखे गए थे.

इनमें श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड व श्याम फेरो अलायज लिमिटेड शामिल हैं, जो श्याम समूह का हिस्सा है और उनका प्रबंधन तथा नियंत्रण संजय अग्रवाल व बृजभूषण अग्रवाल के हाथों में है.

### एयरपोर्ट जाते वक्त कार रोकने की कोशिश का आरोप
# सीएम ममता बोलीं- हिम्मत है तो रोज जांच करो

**चुनाव आयोग व उसके अफसर निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा रहे**



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय उनके वाहन को केंद्रीय बलों ने रोककर जांचने की कोशिश की. एक चुनावी रैली के दौरान उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर में संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया. उन्होंने कहा कि यदि केंद्रीय बलों में हिम्मत है तो वे उनकी गाड़ी की रोज जांच कर सकते हैं. पहले भी लग चुके हैं आरोप

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग ने पार्टी नेताओं के वाहनों की कड़ी और दखल देने वाली जांच के आदेश दिए हैं. इस पूरे विवाद के बीच राज्य में राजनीतिक माहौल और अधिक गरमा गया है और टीएमसी तथा केंद्र सरकार के बीच टकराव फिर सामने आता दिख रहा है.तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर चुनाव आयोग पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. पार्टी ने 14 अप्रैल की अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की ओर से पुलिस, पर्यवेक्षकों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को निर्देश दिए गए हैं कि वे टीएमसी नेताओं और उनके परिजनों के वाहनों की विशेष रूप से जांच करें और उन्हें निशाना बनाएं.

टीएमसी ने यह भी दावा किया कि उनके पास व्हाट्सऐप संदेशों के स्क्रीनशॉट मौजूद हैं, जिनमें कथित तौर पर पुलिस और चुनाव पर्यवेक्षकों को पार्टी की चुनावी गतिविधियों और प्रचार अभियानों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं. पार्टी ने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम एक पूर्व-नियोजित और पक्षपातपूर्ण अभियान की ओर इशारा करता है. टीएमसी का आरोप है कि चुनाव आयोग और उसके अधिकारी निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा रहे हैं और पूरी तरह प्रभावित हो चुके हैं.

# बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी
### विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की ली शपथ



**पटनाः** बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले, भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं. राज्य के इतिहास में यह पहली बार है जब भाजपा के किसी नेता ने मुख्यमंत्री पद संभाला है. सम्राट चौधरी के अलावा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली.सम्राट चौधरी ने शपथ लेते ही कई अहम राजनीतिक उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की हैं. वह बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने हैं. इसके साथ ही वह उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो उपमुख्यमंत्री पद से सीधे मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं. करीब 59 वर्षों बाद यह उपलब्धि दोहराई गई है. इससे पहले 1967 में उपमुख्यमंत्री बने जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 1977 में मुख्यमंत्री पद संभाला था. चौधरी 2017 में भाजपा में शामिल हुए थे और छह वर्षों के भीतर वह राज्य इकाई के शीर्ष नेता बन गए. उन्हें मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे शीर्ष पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधायक दल का नेता चुना गया था. संसदीय बोर्ड ने चौहान को इस परिवर्तन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया था. चौधरी प्रभावशाली कोइरी (कुशवाहा) जाति से आने वाले दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला है. इससे पहले, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आने वाले सतीश प्रसाद सिंह 1968 में मात्र पांच दिनों के लिए मुख्यमंत्री रहे थे क्योंकि कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने से उनकी गठबंधन सरकार गिर गई थी. सम्राट के साथ शपथ लेने वाले जदयू के विजय चौधरी 1982 से बिहार विधानसभा के सदस्य रहे हैं. वहीं,जदयू के ही बिजेंद्र प्रसाद यादव 1990 से सुपौल विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. बिजेंद्र प्रसाद यादव को नीतीश कुमार का करीबी माना जाता है.

मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी गई है. अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए.

जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है.

शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता भी शामिल हुए. राज्य में सत्तारूढ़ राजग में भाजपा, जदयू और तीन अन्य पार्टियां शामिल हैं.

## विपक्ष करेगा महिला आरक्षण बिल का विरोध, मल्लिकार्जुन बोले- नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

**नई दिल्लीः** देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है. मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा, 'हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है. हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए. सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है. वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और हम इसके समर्थन में हैं, लेकिन हम इस बिल के साथ जोड़ी गई परिसीमन की प्रक्रिया के पूरी तरह खिलाफ हैं.' उनका कहना है कि आरक्षण को परिसीमन और जनगणना की शर्तों में उलझाना सरकार की एक सोची-समझी चाल है, जिससे इस अधिकार को लंबे समय तक टाला जा सके, इसलिए विपक्ष महिलाओं को हक देने का तो पक्षधर है लेकिन सरकार के इस तरीके का पुरजोर विरोध करता है. जयराम रमेश ने कहा, 'पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावी प्रचार चल रहा है.



# वोट देने घर लौट रहे मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत



**मालदा :** विधानसभा चुनाव से पहले वोट देने घर लौट रहे एक प्रवासी मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान कलाम के रूप में हुई है, जो मालदा जिले का निवासी था.परिवार और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कलाम करीब छह महीने पहले रोजगार के सिलसिले में राजस्थान के जयपुर गया था, जहां वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था. 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए वह सोमवार को जयपुर से ट्रेन में सवार हुआ था.आरोप है कि ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण उसे बैठने की जगह नहीं मिली और वह दरवाजे के पास बैठा था. इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह चलती ट्रेन से गिर गया. सहयात्रियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.बुधवार सुबह जब उसका शव गांव पहुंचा, तो परिवार और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई. उसके भाई जाहिदुल इस्लाम ने कहा कि वोट देने घर आ रहा था, अगर नहीं आता तो शायद आज जिंदा होता.घटना की सूचना मिलने पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार प्रसून बनर्जी भी परिवार से मिलने पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया. इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है.

# प्रचार के दौरान शमिक भट्टाचार्य का तृणमूल से टकराव, मंच से सरकार पर साधा निशाना



**मालदा :** विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मालदा की राजनीति गरमा गई है. बुधवार को चांचल और हरिश्चंद्रपुर में प्रचार के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य को तृणमूल कांग्रेस के विरोध का सामना करना पड़ा. चांचल के बरुई इलाके से सभा के बाद हरिश्चंद्रपुर जाते समय बस स्टैंड पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, जिसे लेकर मौके पर भारी पुलिस और केंद्रीय बल तैनात किया गया.इस दौरान भाजपा नेता पवन चक्रवर्ती भी नाराज नजर आए. वहीं, सांसद खगेन मुर्मू ने आरोप लगाया कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव से घबराकर यह विरोध किया गया. हरिश्चंद्रपुर टाउन लाइब्रेरी मैदान में आयोजित सभा से शमिक भट्टाचार्य ने राज्य सरकार पर घुसपैठ और मतदाता सूची को लेकर जोरदार हमला बोला.उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल कोई धर्मशाला नहीं है. डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट-जो जहां से आया है, उसे वहीं भेजा जाएगा.दीघा के जगन्नाथ मंदिर मुद्दे पर भी उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा. शमिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा सरकार बनेगी.

## न्यूज कॉर्नर

### उद्घाटन के चार महीने बाद भी सड़क पर नहीं उतरी एनबीएसटीसी स्लीपर वोल्वो बसें

**कूचबिहार :** इस साल जनवरी में सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने छह अत्याधुनिक स्लीपर वोल्वो बसों का वर्चुअल उद्घाटन किया था. लेकिन करीब चार महीने बीत जाने के बाद भी ये बसें अब तक सड़कों पर नहीं उतरी हैं. उद्घाटन के बावजूद बसों के संचालन में देरी को लेकर सवाल उठने लगे हैं.आरोप है कि उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम (एनबीएसटीसी) की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये की ये बसें धूल खा रही हैं. लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर और आरामदायक सेवा का इंतजार है, लेकिन फिलहाल उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है.इस मामले में एनबीएसटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपंकर पिपलाई ने कहा कि स्लीपर वोल्वो बसों का किराया अभी तय नहीं किया गया है. साथ ही बसों के लिए बेडशीट, तकिया और कंबल जैसी सुविधाओं का ऑर्डर दिया गया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही बसों को शुरू किया जाएगा.इन बसों को कूचबिहार, अलीपुरद्वार और सिलीगुड़ी से कोलकाता रूट पर चलाने की योजना थी, ताकि यात्रियों को आरामदायक और लग्जरी सफर मिल सके. लेकिन प्रति किलोमीटर किराया तय नहीं होने के कारण मामला अटका हुआ है.यात्रियों का मानना है कि निजी बसों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए किराया संतुलित रखना निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है.फिलहाल बसें कूचबिहार के सेंट्रल बस टर्मिनल और सिलीगुड़ी में खड़ी हैं. किराया कब तय होगा और जरूरी सुविधाएं कब पूरी होंगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है.

### नलहाटी में मछली व्यवसायी की हत्या, इलाके में हड़कंप

**बीरभूम :** जिले के नलहाटी इलाके में मैदान से एक मछली व्यवसायी का क्षत-विक्षत शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. प्रारंभिक आशंका है कि व्यवसायी की पीट-पीटकर और धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है.मृतक की पहचान मुकुल शेख (42) के रूप में हुई है, जो नलहाटी थाना क्षेत्र के पाखाग्राम के निवासी थे. वह पेशे से मछली व्यवसायी थे.मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने इलाके के एक मैदान में उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया.परिवार के सदस्यों का आरोप है कि मुकुल शेख की बेरहमी से पिटाई करने के बाद धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है. हालांकि, इस घटना के पीछे कौन या किन लोगों का हाथ है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है.पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मृतक की किसी के साथ कोई दुश्मनी या विवाद था या नहीं.घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. स्थानीय लोगों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है.

### केशपुर में तृणमूल की जीत के लिए सक्रिय हुए मोहम्मद रफीक

**मेदिनीपुर :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की गतिविधियां अब तेज हो गई हैं. इसी कड़ी में पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद रफीक कमजोर स्वास्थ्य के बावजूद लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं. वे तृणमूल उम्मीदवार शिउली साहा के समर्थन में बस्ती-बस्ती जाकर जनसंपर्क और सभाओं में भाग ले रहे हैं.बताया जाता है कि रफीक को तीन बार दिल का दौरा पड़ चुका है. एक बार उनकी ओपन हार्ट सर्जरी हुई है और दो बार स्टेंट भी लगाए गए हैं. इसके बावजूद वे सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं. रफीक का दावा है कि केशपुर में तृणमूल उम्मीदवार को कम से कम 70 हजार मतों के अंतर से जीत दिलाई जाएगी.हाल ही में तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केशपुर के आनंदपुर में शिउली साहा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया था. इस दौरान रफीक ने उनसे कहा कि केशपुर में पार्टी की स्थिति मजबूत है और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं.हालांकि रफीक के इस दावे पर भाजपा नेता अरूप दास ने कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरे राज्य में तृणमूल कांग्रेस हार के डर से इस तरह के दावे कर रही है.रफीक की राजनीतिक यात्रा युवा कांग्रेस से शुरू हुई थी. वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियरंजन दासमुंशी के समर्थक रहे हैं.

# उत्तर बंगाल में ममता बनर्जी की पदयात्रा, सड़कों पर उमड़ी भीड़



**सिलीगुड़ी :** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल में एक के बाद एक पदयात्राओं में हिस्सा लिया. बुधवार को इस्लामपुर में जनसभा के बाद वह सिलीगुड़ी पहुंची और हिलकार्ट रोड पर हेरिटेज होटल से वेनस मोड़ तक पदयात्रा की.

इस दौरान उनके साथ तृणमूल उम्मीदवार गौतम देव, शंकर मालाकार और रीना टोप्पो एक्का मौजूद रहे.

सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए जुटे और मोबाइल से तस्वीरें लेते नजर आए. हालांकि, इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते हिलकार्ट रोड पर यातायात नियंत्रित किया गया था.

इसके बाद मुख्यमंत्री ने नागराकाटा विधानसभा क्षेत्र में मंगलबाड़ी से चालसा गोलाई तक भी पदयात्रा की.

नववर्ष (पोइला बैशाख) के दिन आयोजित इस पदयात्रा को लेकर व्यापारियों और आम लोगों के एक वर्ग में नाराजगी भी देखी गई. पारंपरिक आयोजनों पर असर पड़ा और वे त्योहार का आनंद ठीक से नहीं ले सके.

## मासूम से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपित को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के हेमताबाद में एक छह साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के आरोपित शिक्षक को रायगंज कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. इस घटना से इलाके में भारी तनाव फैल गया. पुलिस के अनुसार, आरोपित का नाम कानू दे सरकार उर्फ अखिल (73) है, जो पेशे से गृह शिक्षक है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह बच्ची उसके पास पढ़ने गई थी. इसी दौरान उसने कथित रूप से दुष्कर्म की कोशिश की. बच्ची की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपित को पकड़ लिया. घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने आरोपित को घर से बाहर खींचकर पेड़ से बांध दिया और उसकी पिटाई की. आरोप है कि उसकी आंखों में मिर्च पाउडर भी डाला गया.

# चुचुड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान नाराज स्मृति ईरानी शोभायात्रा बीच में छोड़कर लौटीं

**हुगली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बीच बंगाली नववर्ष के अवसर पर हुगली जिले के चूंचुड़ा में भाजपा की रैली के दौरान बड़ा घटनाक्रम सामने आया.

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यह रैली चूंचुड़ा के भाजपा उम्मीदवार सुबीर नाग के समर्थन में करने वाली थी.लेकिन वह कथित अव्यवस्था और स्थानीय संगठन की लापरवाही से नाराज होकर कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर लौट गईं. कार्यक्रम के बीच ही पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लौट जाने से कार्यकर्ताओं में निराशा देखी गई.इस बारे में चूंचुड़ा के उम्मीदवार सुबीर नाग ने कहा कि स्मृति ईरानी का अन्य कार्यक्रम होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा. हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि घड़ी मोड़ की सभा में उनके शामिल न होने से कार्यकर्ताओं में निराशा है.सुबीर नाग ने बताया कि इस मौके पर अन्नपूर्णा भंडार योजना की शुरुआत होनी थी, लेकिन स्मृति ईरानी की अनुपस्थिति में इसका उद्घाटन उन्होंने स्वयं किया.



साथ ही उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये देने की योजना लागू की जाएगी.

मिली जानकारी के अनुसार, यह रैली चुंचुड़ा तीन नंबर गेट स्थित जिला कार्यालय के सामने से शुरू हुई. निर्धारित समय से कुछ देर बाद यात्रा शुरू होने पर स्मृति ईरानी नाराज हो गईं. सूत्रों के अनुसार, पार्टी के जिला नेतृत्व द्वारा उचित स्वागत और आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं किए जाने से स्मृति ईरानी नाराज हो गईं. आरोप है कि उनके स्वागत में न्यूनतम शिष्टाचार तक नहीं दिखाया गया. इसी के बाद उन्होंने बिना सभा को संबोधित किए ही कार्यक्रम स्थल छोड़ने का फैसला किया.पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जिला कार्यालय में उनके स्वागत के लिए जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति भी असंतोष का कारण बनी.उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में हुगली संगठनात्मक जिला भाजपा अध्यक्ष गौतम चटर्जी भी अनुपस्थित रहे, जिससे संगठन के भीतर मतभेद की चर्चाएं तेज हो गई हैं.

# आसनसोल के सांसद के लापता होने का पोस्टर लगने से सियासी पारा चढ़ा

**आसनसोल :** आसनसोल में चुनावी माहौल के बीच एक नया राजनीतिक विवाद सामने आया है. वार्ड संख्या 78 के केएस टाइप इलाके में शत्रुघ्न सिन्हा के 'लापता' होने का पोस्टर लगाए जाने से सियासी हलचल तेज हो गई है. यह पोस्टर आसनसोल सिटीजन फोरम की ओर से लगाया गया बताया जा रहा है, जिसमें लिखा है-शर्म की बात है, आसनसोल के सांसद विलुप्त हो गए हैं. 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विकास कहां है? धिक्कार ऐसी सांसद पर.इस पोस्टर के सामने आने के बाद पूरे आसनसोल में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं. विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सांसद और सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साध रहे हैं और इसे जनता की



नाराजगी का प्रतीक बता रहे हैं.वहीं, दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस ने इस पूरे मामले को विपक्ष की साजिश करार दिया है. आसनसोल साउथ ब्लॉक टाउन तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्णेन्दु चौधरी ने कहा कि यह विरोधियों का दुष्प्रचार है. उन्होंने दावा किया कि सांसद लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और हर समय राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा व मंथन करते रहते हैं.उन्होंने आगे कहा कि भाजपा द्वारा गलत प्रचार किया जा रहा है, जबकि उनके अनुसार सांसद क्षेत्र में लगातार मौजूद रहते हैं और जनता के बीच सक्रिय हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आसनसोल सिटीजन फोरम के नाम पर कोई भी इस तरह का पोस्टर लगा सकता है और इसके पीछे विपक्ष की साजिश हो सकती है.

## फालाकाटा के रायचेंगा में ग्रामीणों का वोट बहिष्कार की चेतावनी

**अलीपुरद्वार :** विधानसभा चुनाव 2026 के बीच एक अनोखा विरोध सामने आया है. पहले चरण के मतदान से ठीक पहले फालाकाटा के रायचेंगा गांव के लोगों ने जर्जर सड़कों के कारण वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया है.ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 40 वर्षों से गांव की दो मुख्य सड़कें बदहाल है. एक करीब एक किलोमीटर और दूसरी 500 मीटर अब तक पक्की नहीं हुई है. बरसात के दौरान हालात बदतर हो जाते है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. खासकर स्कूली बच्चों और मरीजों को रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है.

# राजनीतिक दल मुसलमान को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती आ रही है : ओवैसी

**आसनसोल :** आसनसोल के रेलपार इलाका स्थित इस्तेमा मैदान में बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सुप्रिमो व हैदराबाद से लोकसभा सांसद असुरुद्दीन ओवैसी चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे. इस दौरान उनके साथ आसनसोल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दानिश अजीज समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. जैसे ही उनका हेलीकॉप्टर मैदान में उतरा, पार्टी नेताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया.अपने संबोधन में ओवैसी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुसलमानों ने लंबे समय तक कभी कांग्रेस, कभी वामपंथी दलों और कभी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल पर भरोसा जताया. लेकिन किसी ने



उनके भरोसे को पूरी तरह नहीं निभाया और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया. इसके लिए कुछ हद तक मुसलमान समाज भी जिम्मेदार है, जो खुद को सिर्फ वोट बैंक बनकर रहने देता है.उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खुद को एक जागरूक नागरिक के रूप में प्रस्तुत करें, तभी उन्हें न्याय, बेहतर शिक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिल पाएंगे. उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो राजनीतिक दल मुसलमानों के साथ वही व्यवहार करते रहेंगे जैसा अब तक होता आया है.ओवैसी ने कहा कि खासकर आसनसोल उत्तर के मतदाताओं ने अब तक सभी प्रमुख पार्टियों को देख लिया है, इसलिए एक बार एआईएमआईएम को भी मौका देना चाहिए और उनके प्रत्याशी को विजयी बनाना चाहिए,

ताकि उनकी पार्टी क्षेत्र में कुछ ठोस काम कर सके.

उन्होंने अपनी पार्टी पर भाजपा की बी टीम वाले आरोपों को भी खारिज किया. ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी कभी भाजपा के साथ नहीं गई, जबकि ममता बनर्जी अतीत में केंद्र की अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं. उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पर लगाए जाने वाले ऐसे सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं.

## रेलवे न्यूज

### पूर्व रेलवे ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई



**कोलकाता :** पूर्व रेलवे ने कोलकाता के फेयरली प्लेस स्थित अपने मुख्यालय में भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई. पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर,ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. शीलेंद्र प्रताप सिंह- अपर महाप्रबंधक; डॉ. महुआ वर्मा- प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, तथा पूर्व रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रधान अधिकारियों ने सामूहिक रूप से डॉ. अंबेडकर की स्मृति और विरासत को नमन किया.इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री देऊस्कर ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबासाहेब की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के लिए शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति डॉ. अंबेडकर की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया. उन्होंने डॉ. अंबेडकर को भारतीय इतिहास के सबसे महान व्यक्तित्वों में से एक बताया और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने तथा अस्पृश्यता उन्मूलन में उनके अमूल्य योगदानों की सराहना की.इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाबासाहेब अंबेडकर के समाज के प्रति योगदान को प्रस्तुत किया गया. पूर्व रेलवे के सभी मंडलों-हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदा-तथा कारखानों जैसे कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर में भी डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई.

### सियालदह डिवीज़न ने भी मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती



**कोलकाता :** ईस्टर्न रेलवे, सियालदह डिवीज़न ने आज भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती पूरे सम्मान के साथ मनाई. यह यादगार कार्यक्रम डिवीज़नल रेलवे मैनेजर के ऑफिस में हुआ, जहां डिवीज़नल रेलवे मैनेजर, सियालदह राजीव सक्सेना ने बाबासाहेब की तस्वीर पर फूलों की माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी. सीनियर डिवीज़नल अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों ने समारोह में शामिल होकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता को फूल चढ़ाए और दिल से सम्मान दिया.कार्यक्रम के दौरान श्री सक्सेना ने आधुनिक भारत को बनाने में डॉ. अंबेडकर की अहम भूमिका और सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनके बिना थके काम पर ज़ोर दिया. श्री सक्सेना ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि बाबासाहेब का विज़न देश को सबकी सेवा देने में रेलवे बिरादरी के लिए एक गाइडिंग फ़ोर्स बना हुआ है. सियालदह डिवीज़न के अलग-अलग स्टेशनों और वर्कशॉप में भी इसी तरह के फूल चढ़ाने के कार्यक्रम हुए, जहाँ रेलवे कर्मचारी दूर की सोचने वाले नेता की विरासत को सम्मान देने के लिए इकट्ठा हुए.

## पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री की सभा को लेकर भाजपा सक्रिय



**खड़गपुर :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम जिले में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं कर सकते हैं. पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी 19 अप्रैल को पश्चिम मेदिनीपुर के बेलदा और झाड़ग्राम जिले के झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री की सभाएं प्रस्तावित हैं.बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री और चुनाव प्रभारी जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर से हिंदुस्थान समाचार की बातचीत हुई. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित सभा को लेकर तैयारियां तेज चल रही हैं. इससे पहले उन्होंने पश्चिम मेदिनीपुर के बेलदा स्टेडियम मैदान का निरीक्षण भी किया.चुनाव प्रभारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन चाहती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और बंगाल के लोग भी विकास की इसी धारा से जुड़ना चाहते हैं. हमें पूरा विश्वास है कि इस बार जनता भाजपा को स्पष्ट समर्थन देगी. उन्होंने आगे कहा कि बेलदा की सभा को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में जबरदस्त उत्साह है. अभी से बड़ी संख्या में लोग सभा की तैयारी में जुटे हुए हैं, जिससे साफ है कि प्रधानमंत्री की यह सभा चुनाव में बड़ा संदेश देगी.उधर झाड़ग्राम जिले में भी प्रधानमंत्री चार विधानसभा क्षेत्रों - झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, बिनपुर और नयाग्राम - के पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में सभा कर सकते हैं. झाड़ग्राम के भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मीकांत साव ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर झाड़ग्राम स्टेडियम या गजाशिमुल मैदान में सभा आयोजित किए जाने की संभावना है, हालांकि सभा स्थल को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है.राज्य में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 19 अप्रैल को झाड़ग्राम (दोपहर 12 बजे) और नारायणगढ़ (दोपहर दो बजे) में प्रस्तावित जनसभाओं को भाजपा के लिए बेहद अहम माना जा रहा है.

# खड़गपुर में दिलीप घोष का रोड शो, युवाओं से जीत दिलाने की अपील

**खड़गपुर :** बंगला नववर्ष (पोइला वैशाख) के अवसर पर पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में बुधवार सुबह भाजपा नेता दिलीप घोष ने कार्यकर्ताओं के साथ रंगारंग शोभायात्रा निकालकर चुनावी प्रचार को नई गति दी. खड़गपुर के इंदा क्षेत्र से निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली. पार्टी के कई कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग भी इसमें शामिल हुए. बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ प्रचार करते नजर आए और इलाके में उत्सव के साथ चुनावी माहौल भी देखने को मिला.शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली. समर्थकों ने फूल बरसाकर और नारे लगाकर दिलीप घोष का जोरदार स्वागत किया. नववर्ष के शुभ अवसर पर दिलीप घोष भी कार्यकर्ताओं के साथ झूमते और उनका उत्साह बढ़ाते दिखाई दिए. पूरे इलाके में भाजपा समर्थकों का जोश साफ तौर पर नजर आया.इसके बाद दोपहर में शहर के बीचोंबीच स्थित प्रेमहरि भवन में कार्यकर्ताओं के साथ युवा मोर्चा



सम्मेलन आयोजित किया गया. इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान दिलीप घोष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने का आह्वान किया. उन्होंने युवाओं को आगे आने को कहा और देशविरोधी ताकतों को रोकने में मदद करने की अपील की.अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में जो स्थिति थी, अब वह स्थिति नहीं रही. उस समय भी उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया था और परिस्थितियों को संभाला था. उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार एक लाख से अधिक मतों से रिकॉर्ड जीत हासिल कर फिर से वापसी करेंगे.युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत दिलाने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम होती है. आज बड़ी संख्या में युवा मोर्चा में भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं को झंडा सौंपते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं की ताकत और मेहनत से ही बड़ी जीत संभव है.सभी कार्यकर्ताओं से पूरी लगन और समर्पण के साथ प्रचार में जुटने की अपील करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत के बाद खड़गपुर के विकास के लिए पूरी ताकत से काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जो आज संगठन के साथ जुड़े हैं, वही भविष्य के नेता बनेंगे.

# बंगाली नववर्ष के दौरान चुनाव प्रचार में तृणमूल और भाजपा ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 'पोइला बैसाख' पर जोरदार चुनाव प्रचार देखने को मिला, जिसके तहत सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सांस्कृतिक पहचान और शासन को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए. राज्य सरकार में मंत्री और तृणमूल नेता अरूप बिस्वास ने दक्षिण कोलकाता के गरिया ब्रह्मपुर क्षेत्र से 'माछ-भात-ए बंगाली' थीम पर एक शोभायात्रा का नेतृत्व किया. इस दौरान, उन्होंने दावा किया कि सत्ता में आने पर भाजपा मांस-मछली खाने पर रोक लगा सकती है. शोभायात्रा में पारंपरिक उत्सवों की झलक दिखाते हुए तृणमूल समर्थक बाघ और उल्लू के रंग-बिरंगे मुखौटे लिये हुए थे. महिलाओं ने लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ियां पहनी थीं, जबकि अन्य प्रतिभागी विशेष टी-शर्ट में नजर आए. बिस्वास ने कहा, भाजपा शासित राज्यों में मछली सड़कों पर फेंकी जा रही है और विक्रेताओं को परेशान किया जा रहा है. कोई भी ताकत बंगालियों की थाली से 'माछ-भात' नहीं छीन सकती. हम अपनी विरासत की रक्षा के लिए इस प्रदर्शन में शामिल हुए हैं. बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार कौस्तुव बागची ने भी तृणमूल के विमर्श का जवाब देने के लिए हाथ में एक मछली लेकर प्रचार किया और कहा, बंगाली माछ-भात के साथ और अब भाजपा के साथ भी. भाजपा के मुख्य प्रवक्ता देबजीत सरकार ने दावा किया कि पार्टी शासित राज्यों में मांस-मछली खाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में मत्स्य पालन में गिरावट आई है. उन्होंने कहा, तृणमूल ने रियल एस्टेट के लिए तालाबों को अवैध रूप से भरने को बढ़ावा दिया है. इसके कारण अब बंगाल को गुजरात और आंध्र प्रदेश से मछली आयात करनी पड़ रही है. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा शासित कई राज्यों में मांस-मछली का सेवन बढ़ा है और तृणमूल के दावे बेबुनियाद हैं, जिन्हें मतदाता खारिज कर देंगे. भाजपा नेताओं ने राज्य के अन्य हिस्सों में भी चुनाव प्रचार के दौरान मछली का इस्तेमाल किया. हाई-प्रोफाइल भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मतदाताओं से राज्य में परिवर्तन के लिए भाजपा को मौका देने की अपील की. अधिकारी ने कहा, लोगों ने 34 साल वामपंथियों को और 15 साल तृणमूल को दिए हैं. मैं मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे राज्य में परिवर्तन के लिए भाजपा को पांच साल का मौका दें. उन्होंने कोलकाता के थंथानिया फिरंगी कालीबाड़ी मंदिर में भाजपा उम्मीदवारों के साथ पूजा-अर्चना भी की और बंगाली नववर्ष की शोभयात्रा का नेतृत्व किया. पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी.

## तृणमूल ने सीईसी को पत्र लिखकर निर्वाचन अधिकारियों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया और अभिषेक बनर्जी समेत अपने नेताओं को निशाना बनाने वाले अवैध निर्देशों के लिए आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. पार्टी ने 14 अप्रैल की शिकायत में दावा किया कि पुलिस, अन्य पर्यवेक्षकों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों को तृणमूल नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के वाहनों को निशाना बनाकर तलाशी लेने के निर्देश दिए गए हैं. सत्तारूढ़ पार्टी ने पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को भेजे गए कथित व्हॉट्सएप संदेशों के स्क्रीनशॉट भी संलग्न करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों व जनसंपर्क कार्यक्रमों को भी निशाना बनाने के निर्देश दिए गए हैं. पार्टी ने आरोप लगाया, ऐसा रवैया स्पष्ट रूप से तृणमूल के खिलाफ एक प्रेरित अभियान का संकेत देता है. निर्वाचन आयोग और उसके अधिकारी पूरी तरह से निष्पक्ष नहीं रह गए हैं.

### पोइला बोइसाख पर ममता बनर्जी की अपील

# 'दिल्ली के जमींदारों' को दें मुंहतोड़ जवाब, वोट की चोट से भाजपा को हरायें



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बंगाली नव वर्ष यानी 'पोइला बोइसाख' के पर राज्य की जनता को शुभकामनाएं दीं. साथ ही केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार भी किया. मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से सीधे तौर पर अपील की कि वे अपनी लोकतांत्रिक शक्ति का इस्तेमाल कर 'दिल्ली के जमींदारों' के उन प्रयासों को विफल कर दें, जो लोगों के मतदान के अधिकार को छीनने की साजिश रच रहे हैं. ममता ने इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई करार दिया है. बांग्ला नववर्ष पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुख्यमंत्री ने एक पोस्ट करके राज्य की खुशहाली की कामना की. उन्होंने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सांप्रदायिक सद्भाव पर प्रकाश डाला. उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह नया साल लोगों के जीवन को हर तरह के 'दाग-धब्बों और बुराइयों' से मुक्त करेगा. उन्होंने आगाह किया कि कुछ 'दुर्भावनापूर्ण ताकतें' बंगाल के पारंपरिक भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं. चुनावी माहौल के बीच ममता बनर्जी ने दिल्ली के जमींदारों (केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व) को आड़े हाथों लिया. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र में बैठी सत्तावादी ताकतें बंगाल के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला कर रही हैं. उन्होंने जनता से कहा- याद रखें, हमें लोकतांत्रिक तरीके से (वोट के जरिए) उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा. उन्होंने लोगों से 'संकीर्ण सोच की दीवारों' को तोड़ने और विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लेने का आग्रह किया. विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर ममता बनर्जी ने साफ तौर पर मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की. उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों को बरकरार रखने और बाहरी ताकतों के दमन से बचने के लिए टीएमसी को मजबूत करना ही एकमात्र रास्ता है. उन्होंने बंगाल को सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए कहा कि राज्य की जनता कभी भी नफरत फैलाने वाली ताकतों को स्वीकार नहीं करेगी. पोइला बोइशाख के इस संदेश ने बंगाल के चुनावी समर में स्थानीय बनाम बाहरी की बहस को और तेज कर दिया है. ममता बनर्जी ने त्योहार के बहाने एक बार फिर बंगाली गौरव और लोकतांत्रिक अधिकारों का मुद्दा छेड़कर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

# बंगाल में बनी भाजपा सरकार तो महिलाओं को मिलेगी वित्तीय मदद : स्मृति ईरानी



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिलाओं को साधने के लिए बड़ा चुनावी दांव चला है. पार्टी के घोषणा पत्र के मुताबिक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने घोषणा की है कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो बंगाल की सभी महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये दिए जाएंगे. बुधवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में स्मृति ईरानी ने साफ तौर पर कहा कि किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा, बंगाल की सभी महिलाओं को 3000 रुपये मासिक सहायता दी जाएगी. यही भाजपा का संकल्प है. उनके इस बयान से पहले पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में केवल निम्न और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को यह लाभ देने की बात कही गई थी, जिसे लेकर कई सवाल उठ रहे थे. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और रूपा गांगुली भी मौजूद रहे. नेताओं ने 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' का भी अनावरण किया और प्रतीकात्मक रूप से पांच महिलाओं को यह कार्ड सौंपा गया. भाजपा महिला मोर्चा की ओर से यह कार्ड घर-घर पहुंचाने का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं का नाम, पता और फोन नंबर दर्ज किया जा रहा है. इस दौरान स्मृति ईरानी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ममता राज में अगर कोई सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं तो वे महिलाएं हैं. उन्होंने कहा कि महिला मुख्यमंत्री के रहते हुए जिस तरह से बंगाल में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हमले होते हैं वे चिंता बढ़ाने वाले हैं. इस दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यह भी कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां महिलाएं सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले ही घोषणा कर दी है कि सरकार बनने पर सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं का सफर मुफ्त होगा और पार्टी महिला सुरक्षा के लिए हर तरह से प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आएगी तो किसी महिला को रात को बाहर निकलने में सोचना नहीं होगा.

## बंगाल चुनाव के पहले चरण के लिए केंद्रीय बलों की 2,407 टुकड़ियां तैनात करेगा निर्वाचन आयोग

**कोलकाता:** भारत निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 2,407 टुकड़ियां तैनात करेगा. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सबसे अधिक बल मुर्शिदाबाद जिले में तैनात किए जाने की संभावना है. पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी. अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद में सबसे अधिक 316 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी, जिनमें 240 मुर्शिदाबाद पुलिस जिले और 76 जंगीपुर में होंगी. हाल के वर्षों में मुर्शिदाबाद में कई हिंसक घटनाएं हुई हैं, जिनमें वक्फ अधिनियम को लेकर विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ी झड़पें और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) आंदोलन के दौरान अशांति शामिल हैं. अधिकारी ने कहा, पहले चरण में केंद्रीय बलों की कुल 2,407 टुकड़ियां तैनात की जा रही हैं. मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का अवसर मिले, इसके लिए विस्तृत आकलन के बाद यह तैनाती की गई है.

# ममता सरकार की वजह से बंगाल के लोग केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित : सीतारमण



**कोलकाता:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पश्चिम बंगाल के लोगों को नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत सरकार ने राज्य में उनके कार्यान्वयन की अनुमति देने में आनाकानी की है. सीतारमण ने कहा कि बंगाल के लोगों को जिन केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है, उनमें आयुष्मान भारत, पीएम किसान और आवास योजना शामिल हैं. उन्होंने दावा किया, तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में आतंक का माहौल बना दिया है. पार्टी ने पश्चिम बंगाल को बर्बाद कर दिया है. आपके हिस्से की राशि दिल्ली में तैयार थी, लेकिन तृणमूल सरकार ने इसे राज्य में खर्च करने की अनुमति नहीं दी. सीतारमण ने ममता सरकार पर बंगाल में कई योजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं में लिप्त होने का आरोप लगाया. उन्होंने दावा किया कि राज्य में केवल सत्ताधारी पार्टी के 'सिंडिकेट' का हिस्सा होने से ही लाभ सुनिश्चित हो सकता है. वित्त मंत्री ने कहा, बंगाल के गरीब लोगों को पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) योजना का लाभ नहीं मिल रहा, जिसके तहत केंद्र की ओर से मुफ्त राशन दिया जाता है. राज्य के मंत्री इसके लिए आवंटित धनराशि हड़प रहे हैं. उन्होंने कहा कि बंगाल में स्कूल भर्ती और पीडीएस जैसे घोटाले हुए हैं, जिसके चलते केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और ज्योतिप्रिया मलिक को गिरफ्तार किया था. चटर्जी और मलिक फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं. सीतारमण ने पूर्व बर्धमान जिले के कालना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हथकरघा और बुनकर प्रकोष्ठ के सूती बुनकर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, यहां तक कि छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन योजना के तहत आवंटित राशि का भी लाभार्थियों के फर्जी नामों का इस्तेमाल करके दुरुपयोग किया गया. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासन में लोगों को हर काम करवाने या कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए सिंडिकेट को रुपये देने पड़ते हैं. सीतारमण ने कहा, राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों को सभी केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ नयी सरकार की ओर से शुरू की जाने वाली नयी योजनाओं का भी लाभ मिले. उन्होंने दावा किया कि इस बार विधानसभा चुनावों में बंगाल में 'सिंडिकेट राज' का खात्मा हो जाएगा.

# अभिषेक बनर्जी का भाजपा पर तंज, बोले-

### वोट के बाद इनसे मछली कटवाएंगे



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले राज्य की राजनीति में मछली एक नया चुनावी मुद्दा बनकर उभरी है. बंगाल की पारंपरिक 'माछ-भात' संस्कृति को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है, जिस पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखा पलटवार किया है. तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना के विष्णुपुर में एक चुनावी सभा के दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के बाद भाजपा नेताओं से मछली कटवाई जाएगी. उन्होंने कहा कि जो लोग आज मछली लेकर प्रचार कर रहे हैं, वोट के बाद उन्हें बाजार में बैठाकर मछली बेचवाएंगे और मछुआरों के साथ काम करवाएंगे. मछली को लेकर यह सियासी विवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने हल्दिया की एक रैली में राज्य की मत्स्य नीति की आलोचना की थी. इसके जवाब में तृणमूल ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में मांस और मछली जैसे अमिष खाद्य पदार्थों की बिक्री पर कई प्रकार की पाबंदियां लगाई जाती हैं. इसी आरोप का जवाब देने के लिए भाजपा उम्मीदवार अब चुनाव प्रचार में मछली के साथ नजर आ रहे हैं. इस पर तंज कसते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि 2021 में जिन लोगों ने विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी थी, वही आज रोहू, कातला और इलिश लेकर सड़कों पर घूम रहे हैं. बंगाल को बदलने आए थे, लेकिन खुद बदल गए. भाजपा पर और आक्रामक होते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग मछुआरा समुदाय का अपमान करते हैं, उन्हें चुनाव के बाद उन्हीं के साथ बैठाकर मछली बेचने के लिए मजबूर किया जाएगा. अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, गुजरात के गुंडे यहां आकर धमकी दे रहे हैं. मैं अमित शाह से कहता हूं कि चार मई की शाम बंगाल में ही रहें, नतीजे के बाद उनसे मुलाकात होगी. गौरतलब है कि, अभिषेक बनर्जी ने विष्णुपुर सीट से पार्टी प्रत्याशी दिलीप मंडल के समर्थन में सभा की, वहीं बजबज सीट से उम्मीदवार अशोक देव के समर्थन में चड़ियाल मोड़ से पूजाली पेट्रोल पंप तक रोड शो भी किया.

# बंगाल की संस्कृति बचाने का लिया संकल्प : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अरबी संस्कृति थोपने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बंगाल को बंगाली हिंदुओं की मातृभूमि के रूप में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है. बंगाली नववर्ष पोईला वैशाख के अवसर पर 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' के शुभारंभ कार्यक्रम में बोलते हुए अधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य की सनातन परंपरा को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में उर्दू भाषा और महिलाओं को पर्दे में रखने वाली संस्कृति को बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है. अधिकारी ने कहा कि यह स्वामी विवेकानंद और श्री चैतन्य महाप्रभु की भूमि पर सीधा आघात है. अधिकारी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही 1947 में पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना रहा. उन्होंने कहा कि मुहम्मद अली जिन्ना इस भूमि को पाकिस्तान में शामिल करना चाहते थे, लेकिन मुखर्जी और स्वामी प्रणवानंद महाराज के प्रयासों से यह भारत में ही रहा. उन्होंने कहा कि नए वर्ष के अवसर पर पार्टी संकल्प लेती है कि बंगाली हिंदुओं की इस मातृभूमि की रक्षा की जाएगी और माताओं-बहनों के खिलाफ 'लव जिहाद' जैसी घटनाओं को स्थायी रूप से समाप्त किया जाएगा. भाजपा के 'संकल्प पत्र' का उल्लेख करते हुए अधिकारी ने इसे विश्वास का दस्तावेज बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य बंगाल को फिर से देश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है. उन्होंने बताया कि 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' को राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की गारंटी के रूप में पेश किया जा रहा है, जो तृणमूल सरकार की मौजूदा सामाजिक कल्याण योजनाओं का विकल्प बनेगा. अधिकारी ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का भी उल्लेख किया और कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने दक्षिणेश्वर काली मंदिर और कालीघाट काली मंदिर की आध्यात्मिक परंपरा का भी जिक्र किया.

## बिधाननगर में मतदाताओं को डराने के आरोप में पूर्व पार्षद गिरफ्तार



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव से पहले बिधाननगर से एक बड़ी राजनीतिक खबर सामने आई है. तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद निर्मल दत्ता को मतदाताओं को डराने और प्रभावित करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया. यह मामला तब सामने आया जब बिधाननगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार शरद्वत मुखर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई. इसके साथ ही उन्होंने बिधाननगर के पुलिस आयुक्त से भी मुलाकात कर निर्मल दत्ता के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

# रूबी पार्क पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 2026 में शानदार प्रदर्शन किया



1st Position
**Anvita Yadav (98.2%)**



2nd position
**Niloy Basu (97.6%)**



3rd Position
**Anushka Pal (97.4%)**



3rd Position
**Tejas Bhardwaj (97.4%)**

**युवा शक्ति न्यूज**

**कोलकाता :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल ने एक बार पुनः शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में अत्यंत सराहनीय प्रदर्शन किया है. विद्यालय ने कक्षा 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम अर्जित करते हुए 88.08% का प्रभावशाली औसत प्राप्त किया, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचायक है. इस वर्ष अन्विता यादव ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. उनके पश्चात निलोय बासु ने 97.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया. वहीं, अनुष्का पाल एवं तेजस भारद्वाज ने 97.4% अंक प्राप्त कर दोनों विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान अर्जित किया. इस उत्कृष्ट परिणाम को और भी गौरवशाली बनाते हुए, कुल 14 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं एवं 34 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए तथा 10 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में पूर्णांक (100%) प्राप्त कर अद्वितीय सफलता अर्जित की. यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ-साथ शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है. विद्यालय इस अभूतपूर्व सफलता पर अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सराहना करता है, समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन को नमन करता है तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग, विश्वास एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करता है. रूबी पार्क पब्लिक स्कूल भविष्य में भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने और अपने उच्च मानकों को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है.

# मातृशक्ति गारंटी कार्ड को लेकर शशि पांजा ने भाजपा पर साधा निशाना



**कोलकाता:** पूरे चुनावी प्रक्रिया में ऐसा लगता है मानो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किसी भी गलती को भारत निर्वाचन आयोग की नजर में हल्का माना जा रहा है. इसलिए आयोग यह भी नहीं देख पाया कि किस तरह चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बंगाल आकर महिलाओं के हाथों में पैसे की गारंटी देने वाला कार्ड सौंप रही हैं. भाजपा के 'गारंटी कार्ड' के जरिए आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है. साथ ही राज्य की मंत्री शशि पांजा ने यह भी सवाल उठाया कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का भाजपा का यह वादा कितना वास्तविक है और कितना महज़ एक छलावा. पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कोलकाता के एक निजी होटल से कुछ महिलाओं के हाथों में एक गारंटी कार्ड सौंपा. इसे 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' नाम दिया गया है. इस कार्ड के जरिए महिलाओं के बैंक खाते में तीन-तीन हजार रुपये देने की बात कही गई है और इसे भाजपा की ओर से दिए जाने का दावा किया गया है. राज्य की मंत्री शशि पांजा ने स्पष्ट कहा कि भाजपा की यह गतिविधि सीधे तौर पर चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को तीन हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब स्मृति ईरानी द्वारा जो कार्ड सौंपा जा रहा है, वह सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करता है. शशि पांजा ने यह भी कहा कि महिला वोटरों को आकर्षित करने के लिए 'मातृशक्ति गारंटी कार्ड' के माध्यम से पैसे देने का भाजपा का वादा पूरी तरह भ्रामक है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली में भी महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपये देने का वादा भाजपा ने किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद वहां की महिलाओं को वह राशि नहीं मिली. वहीं, बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को एकमुश्त 10 हजार रुपये देने का वादा किया गया था. चुनाव समाप्त होने के बाद बिहार की भाजपा सरकार अब उस पैसे को वापस मांग रही है. महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को लेकर भाजपा के दावों पर भी शशि पांजा ने सवाल उठाते हुए कहा कहा कि पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी के जरिए जो सुरक्षा का दावा किया जा रहा है, उसकी हकीकत भी सामने आनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रिपरिषद के 71 मंत्रियों में से 28 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 19 पर महिलाओं से जुड़े अपराधों के आरोप हैं. उन्होंने आगे कहा कि जिन 'डबल इंजन' राज्यों के मुख्यमंत्री बंगाल में आकर प्रचार कर रहे हैं, वे राज्य महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं. इसके बावजूद भाजपा किस तरह बंगाल की महिलाओं को भ्रमित करने के लिए झूठा प्रचार कर रही है, यह भी आज स्पष्ट हो गया है.

# 4 मई आएगी और ममता बनर्जी जाएंगी: अनुराग ठाकुर

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नजदीक आते ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है और अब सत्ता परिवर्तन तय है. दमदम में रोड शो के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा, 4 मई आएगी और ममता बनर्जी जाएंगी. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अवैध गतिविधियों को संरक्षण दे रही है और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है. सांसद ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार की पहचान अब बांग्लादेशी घुसपैठियों, फर्जी मुद्रा रैकेट और नकली आधार कार्ड बनाने वालों को संरक्षण देने की बन गई है. महिलाओं के खिलाफ अपराध में शामिल लोगों को भी बचाया जा रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के रोजगार के अवसर बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार भ्रष्ट लोगों को बचाने में लगी हो तो पश्चिम बंगाल में कौन सुरक्षित है? यहां तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है. महिला आरक्षण विधेयक पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए गए हैं. उन्होंने दावा किया कि गैस कनेक्शन, नल का जल, मुफ्त अनाज, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता जैसी योजनाओं से गरीबों और महिलाओं को बड़ा लाभ मिला है और करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना

युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)

सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज कॉर्नर

### यज्ञ समिति की ओर से महंत गोपाल दास जी महाराज को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया



**साहिबगंज :** श्री श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सातवें दिन अयोध्या धाम यूपी सहित अन्य प्रदेशों से 25 साधु संत महात्मा का आगमन हुआ. वही अयोध्या धाम के प्रसिद्ध आश्रम से जुड़े छावनी से राम जन्म भूमि के महंत गोपाल दास जी महाराज, महंत राम भूषण दास जी महाराज यज्ञशाला पहुंचे है. जहां यज्ञ समिति अध्यक्ष विमल यादव ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. वही महायज्ञ में महंत गोपाल दास जी महाराज, महंत धर्म दास जी महाराज, महंत रामनाथ महाराज सहित साधु संत महात्मा, नागा साधु का आगमन हुआ है. जो गाय के उपले को जलाकर उसके बीच तपती धूप में बैठकर तप साधना कर रहे है.

### नारायण प्रल्हाद की भक्ति रासलीला में दिखाया गया : महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज



**साहिबगंज:** शहर के साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सातवें दिन बुधवार की सुबह काशी के आचार्य डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में 25 सदस्यी पुरोहितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन,महाभिषेक,हवन किया. सुबह,दोपहर व संध्या बेला में वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन किया गया.वही देश के विभिन्न क्षेत्रों से 22 साधु संत महात्मा ओर नागा साधु का आगमन महायज्ञ परिसर में हुआ है.महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने बताया कि शहर,जिला व जिला के आसपास के श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु आ रहे है.यज्ञ मंडप का पूजन करके देवी देवताओं का पूजन करके साधु संत महात्मा का आशीर्वाद ले रहे है.वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है.शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ है.महायज्ञ परिसर में देर रात्रि तक महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर कथा, रासलीला,भंडारा स्वरूप प्रसाद ओर मेला का आनंद उठा रहे है.मेला में श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है,पुलिस बल तैनात है और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात है.

### विधानसभा चुनाव से पहले झाड़ग्राम में सुरक्षा बलों का रूट मार्च

**झाड़ग्राम**: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से झाड़ग्राम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार शाम केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रूट मार्च किया गया.जिला प्रशासन के अनुसार, यह रूट मार्च आगामी चुनाव के मद्देनजर आम नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया. इस दौरान बाजार, प्रमुख सड़कों और संवेदनशील इलाकों से होकर सुरक्षा बलों ने मार्च किया.इस रूट मार्च में जिला मजिस्ट्रेट आकांक्षा भास्कर और पुलिस अधीक्षक मानव सिंगला सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. अधिकारियों ने सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया.प्रशासन की ओर से बताया गया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है तथा लोगों में विश्वास कायम करने के लिए इस तरह की गतिविधियां आगे भी जारी रहेंगी.

### सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जमशेदपुर:** पश्चिम सिंहभूम के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के लोकनाथ नगर निवासी 27 वर्षीय शाहिल मुखी की सड़क हादसे में मौत हो गई. हालांकि परिजनों ने इसे दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला बताया है. मृतक के भाई राहुल के अनुसार, शाहिल ड्राइवर का काम करता था और 10 अप्रैल को चाईबासा से लौटने के बाद घर पर था. बाद में उसे दोस्तों का फोन आया और वह बाइक लेकर निकल गया. काफी देर तक संपर्क नहीं होने पर देर रात अस्पताल से सूचना मिली कि वह सड़क किनारे गंभीर हालत में मिला है. उसे पहले अनुमंडल अस्पताल, फिर टाटा मोटर्स अस्पताल और बाद में ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल रेफर किया गया, जहां 13 अप्रैल को उसकी मौत हो गई. परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### आजादनगर में पुलिस चेकिंग के दौरान कई वाहन टकराए

**जमशेदपुर :** मानगो के आजादनगर थाना क्षेत्र के सिटी इन के पास हाईवे पर बुधवार दोपहर पुलिस चेकिंग के दौरान एक सड़क दुर्घटना हो गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार, चेकिंग के दौरान एक थार गाड़ी को रोकने की कोशिश की गई, जिससे पीछे आ रही अर्टिगा ने ब्रेक लगाया, लेकिन दूरी कम होने के कारण दोनों वाहनों में टक्कर हो गई. इसमें थार और अर्टिगा दोनों क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि अर्टिगा चालक को हल्की चोट आई. इसी दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति में एक ट्रक और स्विफ्ट कार के बीच भी टक्कर हो गई, हालांकि स्विफ्ट में सवार परिवार सुरक्षित रहा. घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस चेकिंग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी देखी गई और अपराध नियंत्रण पर सवाल उठाए गए.

### बागबेड़ा रेलवे कॉलोनी चौक अब बाबा भीमराव अंबेडकर चौक से जाना जाएगा

**जमशेदपुर** : पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड के बागबेड़ा क्षेत्र स्थित शिव साइ मंदिर प्रांगण के समीप बाबा भीमराव अंबेडकर चौक नामकरण का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजीव सरदार शामिल हुए और फीता काटकर चौक के नए नाम का विधिवत उद्घाटन किया. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई. इस मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर चौक और स्थलों का नामकरण समाज में साहस, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है. उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में प्रेरित करते हैं. कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, मुखिया मायावती टुडू, सरस्वती टुडू, धारकुंडी माड़ी, नीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# ऐतिहासिक उपलब्धि, 12वें स्थान से पहुंचा तीसरे स्थान पर पाकुड़ जिला

**पाकुड़**: जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 11वीं कक्षा के परीक्षाफल में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. जिले ने पूर्व के 12वें स्थान से छलांग लगाते हुए इस वर्ष तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो समर्पित प्रयासों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है

.इस वर्ष कुल 99.59 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार को दर्शाता है. पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो एक सकारात्मक संकेत है.**परिणाम सुधार में भी तीसरा स्थान:**केवल समग्र परिणाम ही नहीं, बल्कि परीक्षाफल में सुधार की दृष्टि से भी पाकुड़ जिले ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. यह



उपलब्धि जिले के शिक्षण तंत्र की मजबूती को दर्शाती है.**प्रोजेक्ट परख 2.0 की अहम भूमिका:** जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट परख 2.0 ने इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. इस पहल के माध्यम से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, नियमित मूल्यांकन और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया.

**मेहनत का मिला परिणाम:**इस उपलब्धि का श्रेय जिले के मेहनती विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सतत सहयोग को जाता है.सभी ने मिलकर शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है.**उपायुक्त ने दी बधाई:**डीसी मनीष कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है.

### प्रोजेक्ट परख 2.0 अंतर्गत 'स्कूल रूआर को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पाकुड़**:समाहरणालय परिसर से आज प्रोजेक्ट परख 2.0 के अंतर्गत 'स्कूल रूआर 2026' अभियान के लिए जागरूकता रथ को माननीय सांसद राजमहल श्री विजय कुमार हांसदा, माननीय विधायक महेशपुर प्रो. स्टीफन मरांडी, उपायुक्त श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी, नगर परिषद अध्यक्ष एवं जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.यह रथ गांव-गांव जाकर अभिभावकों को अभियान की जानकारी देगा तथा बच्चों के विद्यालय में नामांकन के प्रति जागरूक करेगा.

## क्राइम पर लगेगा ब्रेक, पुलिस को मिली नई रफ्तार

**पाकुड़:**जिले में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 18 नई अपाचे मोटरसाइकिल दी गई हैं. बुधवार को इन बाइकों को हरी झंडी दिखाकर अलग-अलग थाना और ओपी क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया. इस मौके पर सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, डीसी मनीष कुमार और एसपी निधि द्विवेदी मौजूद रहे.

**गश्ती में आएगी तेजी, अपराधियों पर दबाव:**

नई बाइक मिलने से अब पुलिस की गश्ती और तेज हो जाएगी. खासकर ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुलिस की पहुंच पहले से बेहतर होगी. अधिकारियों का कहना है कि बाइक के



जरिए पुलिस जवान जल्दी मौके पर पहुंच सकेंगे, जिससे अपराधियों पर दबाव बनेगा और घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सकेगा.

**हर थाना और ओपी को मिला फायदा:** इन 18 बाइकों को जिले के अलग-अलग थाना और ओपी में बांटा गया है. इससे हर इलाके में पुलिस की मौजूदगी मजबूत होगी. अब छोटी-बड़ी घटनाओं पर नजर रखना और तुरंत कार्रवाई करना आसान होगा.

**पुलिस अधिकारियों ने क्या कहा:**

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक संसाधन मिलने से पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ती है. जनता की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और ऐसे कदम उसी दिशा में उठाए जा रहे हैं.

**लोगों को भी मिलेगा सीधा फायदा:**

इस पहल का सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा. गश्ती बढ़ने से इलाके में सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा और लोग खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगे. पुलिस भी अब ज्यादा तेजी और भरोसे के साथ काम कर सकेगी.

### गोलीबारी घटना का उद्भेदन करते हुए देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** काटरगंज में लगे लक्ष्मी नारायण यज्ञ मेला में बीते सोमवार की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने गोली बारी कि घटना को अंजाम दिया था. वहीं इस गोलबारी में एक खिलौना दुकानदार को गोली लग गई थी. वहीं गोलीबारी घटना का उद्भेदन करते हुए देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है. जिसकी जानकारी सदर एसडीपीओ किनोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया. उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को रात्री करीब 12 बजे से 13 बजे के बीच साक्षरता मोड यज्ञ स्थल के पास गोलीबारी की घटना हुई थी. जिसके आलोक मे जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 58/26 के तहत प्राथमिक दर्ज कर कांड का अनुसंधान किया जा रहा था. वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार इस कांड में शामिल अभियुक्तो कि गिरफतारी हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया. गठित टीम के द्वारा त्वरित गति से कार्य करते हुये कांड का उद्भेदन करते हुये इस कांड में संलिप्त अभियुक्त लाल बाबू उम्र करीब 26 वर्ष पिता लक्ष्मण यादव साकिन छोटापचगढ जिरवाबाड़ी जिला साहेबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर लोहे का देशी कट्टा जिसके बट पर लकड़ी लगा हुआ बट कि लम्बाई 06 सेमी, बैरेल की लम्बाई 14 सेमी कुल लम्बाई 26 सेमी बरामद किया गया है. वहीं छापेमारी दल में जिरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह, पुअनि पंकज वर्मा, अजित लकड़ा, कार्तिक उरॉव, सअनि संजय कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे.

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति बैठक संपन्न सांसद ने दिए दिशा निर्देश

**पाकुड़**:समाहरणालय स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया. बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित योजनाओं की प्रगति, बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता एवं जनसमस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई. सांसद ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया . बिजली विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जियापानी ग्रिड के सभी 17 टावरों का निर्माण कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी गई.

### पुलिस की बढ़ी सख्ती

**पाकुड़:** जिले में पुलिस द्वारा अपराध पर नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया गया है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्र के गंभीर और संपत्तिमूलक अपराधों में संलिप्त कुल 9 अपराधियों के खिलाफ निगरानी प्रक्रिया शुरू की गई है.

## बीडीओ/सीओ सप्ताह में 3-4 दिन फील्ड में जाएं, स्वयं पहल कर के छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करें : डीसी

**जमशेदपुर** : बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई. बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में आ रही अंतर्विभागीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आपसी समन्वय कर योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में आधारभूत नागरिक संरचना, नागरिक सुविधा, जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण, शिक्षण संस्थानों में आधारभूत संरचना व सुविधा, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से दी जाने वाली सेवा, आंगनबाड़ी के बच्चों का पारगमन, आवासीय विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य जांच, गर्मी के मद्देनजर पेयजल से संबंधित समस्याओं/ पेयजलापूर्ति योजनाओं समेत अन्य योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई. उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाएं एक लक्षित वर्ग समूह को ध्यान में रखकर संचालित की जाती हैं, ऐसे में जरूरी है कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से, समयबद्धता एवं पारदर्शिता से धरातल पर उतारी जाएं ताकि



लाभुकों को उचित लाभ मिल सके. उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही अड़चनों के समाधान के लिए नियमित कार्यस्थल पर जाएं और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें. उपायुक्त ने जबावदेह और संवेदनशील प्रशासन के लिए सभी बीडीओ, सीओ और क्षेत्रीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे सप्ताह में कम से कम 3-4 दिन पहला हाफ फील्ड भ्रमण के माध्यम से नागरिक समस्याओं, सरकार की योजनाओं तथा सरकार की संस्थाओं के क्रियाकलापों को सुचारू और नागरिकोन्मुख बनाने के लिए अपने स्तर से पहल करें. क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटी-छोटी नागरिक समस्याओं का मौके पर समाधान करें, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े. जनसुविधाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता आवश्यक है. डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में लाभुकों के वित्तीय समावेशन की योजनाओं से जुड़े होने के बावजूद अपेक्षित लाभ नहीं मिलने पर चिंता जाहिर की. उन्होने कहा कि आंकड़ों में नहीं नागरिकों के जीवन में बदलाव के लिए पहल करें. पेंशन, बीमा आदि से संबंधित योजनाओं को लेकर कहा कि समीक्षा में यह सामने आ रहा है कि कई लोगों ने योजनाओं में पंजीकरण तो कराया है लेकिन नवीकरण कराने की जानकारी नहीं होने के कारण समय पर उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया . ग्रामीण क्षेत्रों के लाभुकों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ डोर स्टेप तक बैंकिंग सुविधा बैंक सखी और बैंक कॉरेस्पॉन्डेंट के माध्यम से पहुंचाने के निदेश दिए. उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रधान को बेहतर कार्यसंस्कृति हेतु कार्यप्रणाली में सुधार लाने, प्रतिदिन ऑफिस मैनेजमेंट की समीक्षा करने तथा अनुशासन के साथ कार्य, नागरिकों से उचित व्यवहार रखने तथा मानव संसाधन का बेहतर उपयोग के निर्देश दिए . कार्यालय के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए सभी कार्यालय प्रधान को निदेशित किया गया. साथ ही कार्यालयों के वित्तीय प्रबंधन पर सभी डीडीओ को विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीएम धालभूम, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त जएएनएसी, डीटीओ, जिला कव्याण पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, सभी तकनीकी विभागों के अभियंता, बीडीओ, सीओ, एलडीएम, डीपीएम जेएसएलपीएस व अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### किताडीह में 6.5 लाख की लागत से हाई मास्ट लाइट से क्षेत्र में फैली रोशनी



**जमशेदपुर :** पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड के किताडीह पंचायत स्थित यादव क्लब भवन में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया गया. यह लाइट विधायक निधि से लगाई गई है, जिसका उद्घाटन पोटका विधायक संजीव सरदार द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया. उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में खुशी का माहौल देखा गया. विधायक संजीव सरदार ने कहा कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे जनहित के कार्य लगातार किए जाते रहेंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके. इस हाई मास्ट लाइट के लगने से न केवल यादव क्लब भवन बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी. स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे रात्रि में आवागमन और सामाजिक गतिविधियों में काफी सुविधा होगी. उद्घाटन के बाद ग्रामीणों ने विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उमेश यादव, नीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे जनहित का कार्य बताया.

# झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा(सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा -2025 के सफल संचालन हेतु तैयारी की बैठक आयोजित

**साहिबगंज** : झारखंड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा दिनांक 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार, साहिबगंज में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक-सह- स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल-सह- उड़नदस्ता दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सभी परीक्षा केंद्राधीक्षक उपस्थित थे. इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कर लें तथा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें. साथ ही,

उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के अनुपालन एवं अनावश्यक भीड़-भाड़ पर नियंत्रण रखने के भी निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में किया जाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसके लिए सभी पदाधिकारी आपसी



समन्वय स्थापित कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें.पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों, आसपास के होटलों एवं लॉजों की सघन जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते नियंत्रण किया जा सके. ज्ञातव्य है कि उक्त परीक्षा का आयोजन साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित कुल 13 परीक्षा केंद्रों इनमें राजस्थान इंटर स्कूल, पब्लिक हाई स्कूल, ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल (अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम),

साहिबगंज कॉलेज, सेंट जोसफ एकेडमी, जवाहर नवोदय विद्यालय, संध्या इंटर कॉलेज, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय , राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, अपग्रेड नगरपालिका गर्ल्स हाई स्कूल तथा पीएम श्री अपग्रेड मिडिल स्कूल, बड़ापंचगढ़ शामिल हैं पर दो पालियों में किया जाएगा. प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित होगी.

इस परीक्षा में कुल 3653 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे.

परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा 16 पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दंडाधिकारी एवं 06 जोनल-सह -उड़नदस्ता दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं.अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईन्द को विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है. वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू कुमार मिश्रा को नोडल पदाधिकारी तथा अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है.

## न्यूज कॉर्नर

### न्यूजीलैंड ने पापुआ न्यू गिनी को 1-0 से हराकर महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया




**ऑकलैंड:** न्यूजीलैंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में बुधवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया. संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई. इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा. न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही.

### तमिलनाडु, बंगाल और दिल्ली जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में



**देहरादून:** तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने शुरू में ही अपना दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-19 लड़कियों के टीम वर्ग में अपने-अपने ग्रुप से प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. लीग मैच का सिर्फ एक दौर बाकी है जिसमें तेलंगाना बनाम पंजाब (ग्रुप ए), उत्तराखंड बनाम असम (ग्रुप बी), और पीएसपीबी बनाम चंडीगढ़ (ग्रुप सी) मुकाबले होने हैं लेकिन इन मुकाबलों के नतीजों का तीन प्रमुख टीम पर अधिक असर नहीं पड़ेगा जिन्होंने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है. महाराष्ट्र (ग्रुप डी), उत्तर प्रदेश (ग्रुप ई), एनसीओई (ग्रुप एफ), कर्नाटक (ग्रुप जी), और गुजरात (ग्रुप एच) ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. कड़े ग्रुप सी में मेजबान उत्तराखंड अपना मैच पश्चिम बंगाल से 0-3 से हार गया लेकिन टीम बुधवार को ही अपने आखिरी दौर के मैच में असम के खिलाफ टीम के पास वापसी की उम्मीद होगी. छत्तीसगढ़ और केरल के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें छत्तीसगढ़ ने तनावपूर्ण निर्णायक मैच में जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम किया. ग्रुप एफ में एनसीओई ने हरियाणा को हराया.

### रहाणे पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा. उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है. आईपीएल के बयान के अनुसार, ''कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है.'' इसमें कहा गया है, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया.'' केकेआर का अगला मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से होगा.

### रोहित शर्मा का पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेलना संदिग्ध

**मुंबई:** रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच से लगभग बाहर हो गए हैं और फिलहाल टीम का मेडिकल स्टाफ उनकी जांच कर रहा है. पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे. जब रोहित 'रिटायर्ड हर्ट' होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके बाद मुंबई इंडियन्स यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी. बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा, ''मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा.'' इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियन्स से जुड़ने वाले हैं. वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और बृहस्पतिवार को भी नहीं खेल पाएंगे. जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था.

# अजेय पंजाब के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा मुंबई

मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा.




**मुंबई:** पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे. मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं. वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा. मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है. मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है. उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं. इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था. जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, लेकिन यह स्टार भारतीय तेज गेंदबाज अब तक चार मैचों में विकेट नहीं ले पाया है. ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अभी तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं. यहां तक की बल्लेबाजी में भी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का पूरा फायदा नहीं उठा पाया है. इससे उसके मध्यक्रम पर दबाव बन रहा है. उसके मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने काफी हद तक निराश किया है. भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार ने एक अर्धशतक लगाया है लेकिन तिलक ने अब तक 20, 00, 14 और 01 रन ही बनाए हैं. टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की अनुपलब्धता मुंबई इंडियंस के लिए एक और समस्या है. मुंबई इंडियंस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. इसके लिए कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी जिम्मेदार नहीं है बल्कि टीम का अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाना है. आरसीबी के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने लगातार ऐसी गेंदें फेंकीं जिन्हें बल्लेबाजों ने बाउंड्री के पार पहुंचाया, जबकि उसके बल्लेबाज पावरप्ले में दबाव नहीं बना सके. मुंबई के दोनों स्पिनर मयंक मार्कंडे और मिचेल सैंटनर को हर बार अपनी लेंथ से भटकने के कारण नुकसान उठाना पड़ा. पिछले सत्र की तरह श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने एक बार फिर अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है और उसे हराना आसान नहीं होगा. पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है. इसका एक नमूना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में देखने को मिला जिसमें उसने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 93 रन बनाए थे. प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की जोड़ी खतरनाक नजर आ रही है, जबकि अय्यर के आत्मविश्वास और कूपर कोनोली के आने से उसकी टीम और भी मजबूत हो गई है. पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की बात करें तो उसके मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उन्होंने अब तक खेले गए चार मैचों में 84 गेंदों पर 149 रन लुटाए हैं और केवल दो विकेट ही लिए हैं.

**टीम इस प्रकार हैं: (मुंबई इंडियंस) :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडे, मो. इज़हार, रघु शर्मा. **(पंजाब किंग्स) :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), विष्णु विनोद (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिशेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन द्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर.

# दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने संन्यास लिया

**एक्सलसेन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं**



**नयी दिल्ली:** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा. डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है. उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है. तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने 'बैडमिंटन यूरोप' से कहा, ''जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं. पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया.'' उन्होंने कहा, ''दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं. इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा.'' एक्सलसेन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं और वह इस मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हैं. उन्होंने कहा कि दर्द कम न होने और डॉक्टरों का खेल जारी रखने पर एक और सर्जरी की चेतावनी दिए जाने के बाद आखिर में उन्हें अपने शरीर की बात सुननी पड़ी. मिलनसार स्वभाव का यह खिलाड़ी अपने पूरे करियर में अस्थमा से जूझता रहा है. उन्होंने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते तथा 2017 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया. वह यूरोपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली डेनमार्क की छह टीमों का भी हिस्सा रहे. उन्होंने कहा, ''मैंने यह फैसला चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद लिया है. उनका कहना है कि मुझे अभी जो दर्द हो रहा है, उसके लिए शायद एक और सर्जरी करवानी पड़े. अगर सर्जरी सफल नहीं रही तो इससे भी गंभीर प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है. मेरा शरीर मुझे रुकने का संकेत दे रहा है और मुझे अपने डॉक्टरों की सलाह माननी होगी.'' एक्सलसेन अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच अक्टूबर 2025 में डेनमार्क ओपन में खेला था.

# अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल



**नयी दिल्ली:** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है. आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है. इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा. अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है. टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे. पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं. कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है. नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं. पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है. इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं. लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है. तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं. हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं. बैडमिंटन से आठ खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है जिनमें पी वी सिंधु, लक्ष्य सेन और गायत्री गोपीचंद प्रमुख हैं. इस सूची में 22 मुक्केबाज शामिल हैं. इनमें विश्व पदक विजेता निकहत ज़रीन, निशांत देव और जैस्मीन लैंबोरिया के साथ-साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं. कुश्ती से 31 खिलाड़ियों को इस सूची में जगह दी गई है. इनमें ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत भी शामिल हैं.

# पीएसजी ने एंफील्ड में लिवरपूल को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह



**लिवरपूल:** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंफील्ड में लिवरपूल को 2-0 से हराकर यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. इस जीत के साथ पीएसजी ने दो मैचों के कुल स्कोर में 4-0 से मुकाबला अपने नाम किया. डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी अब लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है. अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है, तो आधुनिक दौर में रियल मैड्रिड के बाद ऐसा करने वाला दूसरा क्लब बन जाएगा. मैच में बैलन डी'ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर लिवरपूल की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया. उनका पहला गोल 72वें मिनट में आया, जब उन्होंने बॉक्स के बाहर से सटीक शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचाया. इसके बाद इंजरी टाइम में उन्होंने दूसरा गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी. पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने मैच के बाद कहा, चैंपियंस लीग खिताब बचाना आसान नहीं होता, लेकिन हम फिर से यहां हैं और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा. इस जीत के साथ पीएसजी का सामना अब सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख या रियल मैड्रिड में से किसी एक टीम से होगा. लिवरपूल ने मुकाबले में वापसी की कोशिश जरूर की. पहले हाफ में वर्जिल वैन डाइक का आसान मौका पीएसजी के कप्तान मार्किन्होस के शानदार बचाव के कारण गोल में नहीं बदल सका. दूसरे हाफ में लिवरपूल को पेनल्टी का मौका भी मिला, जब एलेक्सिस मैक एलिस्टर के खिलाफ फाउल दिया गया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने अपना फैसला बदल दिया, जिससे घरेलू टीम की उम्मीदों को झटका लगा. लिवरपूल के कोच आर्ने स्लॉट ने कहा, हम निराश हैं, क्योंकि दूसरे हाफ में ऐसा लग रहा था कि अगर हम एक गोल कर देते, तो मैच का रुख बदल सकता था. लेकिन हमारी टीम का भविष्य उज्ज्वल है और हमने दिखाया है कि हम यूरोप के चैंपियन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. पीएसजी ने एक बार फिर साबित किया कि वह इस समय यूरोप की सबसे मजबूत टीमों में से एक है और अब उसकी नजरें लगातार दूसरे खिताब पर टिकी हैं.

## कारोबार

# अमेरिका-ईरान वार्ता बहाल होने की संभावना से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ा



**मुंबई:** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए. सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया था. वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं. दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया. तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध 'समाप्ति के करीब' है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है. मीडिया की खबरों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बातचीत का दूसरा दौर हो सकता है. विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए. दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख था. अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे. एक दिन पहले मंगलवार को आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहे थे. उससे पहले सोमवार को सेंसेक्स 702.68 अंक गिरकर 76,847.57 अंक पर और निफ्टी 207.95 अंक लुढ़ककर 23,842.65 अंक पर बंद हुआ था.

### शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली:** अमेरिका और ईरान के बीच नए कूटनीतिक प्रयासों की उम्मीद के बीच बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई जिससे निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई. बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछलकर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक यानी 1.85 प्रतिशत चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया. बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया.

### रुपया नौ पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर रहा. कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद हुई बढ़ोतरी और घरेलू मुद्रास्फीति के उच्च आंकड़ों के कारण बाजार का रुझान कमजोर हुआ. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.19 प्रति डॉलर पर खुला. कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 93.13 के उच्च स्तर तक पहुंचा. अंततः यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है. रुपया सोमवार को 52 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.35 पर बंद हुआ था. 'आंबेडकर जयंती' के मौके पर मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे. एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''रुपया होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना हुआ हैनिकट भविष्य में, रुपये के 93.10 से 93.65 के दायरे में कारोबार करने के आसार हैं. इसकी दिशा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगी.'' इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.5 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 97.95 पर रहा.

# 1,10,052,99,00,000 रुपए राजस्व जुटाने का मिला लक्ष्य

- राजस्थान सरकार ने दिया वाणिज्यिक कर विभाग को लक्ष्य
- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जुटाया जाएगा 72,500 करोड़ का जीएसटी
- 33,800 करोड़ का राज्य सरकार ने दिया वेट राजस्व का लक्ष्य
- पिछले वित्तीय वर्ष में जुट पाया 45,052.21 करोड़ रुपए जीएसटी
- संशोधित बजट अनुमान की तुलना में हुई 73.02 फीसदी की जीएसटी वसूली
- वैट के रूप में गत वित्तीय वर्ष में जुटाए 24,746.34 करोड़
- संशोधित बजट अनुमान की तुलना में हुई 88.38 फीसदी की रही वैट वसूली

**- विमल कोठारी**

**जयपुर:** राज्य के उद्योग धंधों पर अन्तर्राष्ट्रीय तनाव का असर, जीएसटी 2.0 में दरों में कमी के कारण राज्य के जीएसटी संग्रहण पर आए दबाव के बावजूद राजस्थान सरकार ने वाणिज्य कर विभाग को सरकारी खजाना भरने का लक्ष्य सौंपा है. राज्य सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग को 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 में जुटाए गए 45,052.21 करोड़ रुपए जीएसटी की तुलना में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 72,500 करोड़ का जीएसटी और गत वित्तीय वर्ष के 24,746.34 करोड़ की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में 33,800 करोड़ का वैट एकत्र करने का टास्क सौंपा है, जो पिछले साल की तुलना में क्रमश: 60.9 फीसदी और 36.6 फीसदी अधिक है. इसमें कोई संदेह नहीं कि राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन और वित्त पोषण के लिए राजस्व जुटाना आवश्यक है, लेकिन जो लक्ष्य दिए गए हैं, उन्हें अधिकारी व्यवहारिक नहीं मानते. राजस्थान सरकार ने पहली बार वाणिज्यिक कर विभाग को एक लाख करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने का लक्ष्य दिया है, लेकिन गत वित्तीय वर्ष में विभाग की ओर से राजस्व संग्रहण के आंकड़ों का अध्ययन किया जाए तो इसमें कोई संदेह नहीं कि लक्ष्य की तुलना में राजस्व जुटाने में विभाग फिसड्डी ही रहा है. राज्य सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में भी विभाग के लिए बढ़ा चढ़ाकर जीएसटी और वैट राजस्व जुटाने के लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिसे संशोधित बजट अनुमानों में घटाकर क्रमश: 61,700 करोड़ और 28,000 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया. इसके बावजूद 31 मार्च 2026 के जो राजस्व आंकड़े आए हैं, उसमें जीएसटी राजस्व के रूप में 45,052.21 करोड़ रुपए अर्थात निर्धारित लक्ष्य का 73.02 फीसदी और वैट राजस्व के रूप में 24,746.34 करोड़ अर्थात निर्धारित लक्ष्य का 88.38 फीसदी ही जुट पाए, ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह भी सवाल उठता है कि इस साल विभागीय अधिकारी जीएसटी और वैट के रूप में क्रमश: 72,500 करोड़ और 33,800 करोड़ अर्थात कुल 1,06,300 करोड़ रुपए की वसूली कैसे कर पाएंगे. जहां तक वित्तीय वर्ष के लिए जुटाए जाने वाले संपूर्ण लक्ष्य की बात करें राज्य सरकार ने वाणिज्यि कर विभाग के सामने कुल 01 लाख 10 हजार 052 करोड़ 99 लाख रुपए का राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें सबसे बड़ी भागीदारी जीएसटी और वैट की होगी. राज्य में वाणिज्यिक कर विभाग के 16 जोनल कार्यालय हैं, जिनको पिछले साल संशोधित बजट अनुमानों के अनुसार जीएसटी राजस्व जुटाने के लक्ष्य दिए गए थे, जबकि सभी 16 जोनल कार्यालयों में से एक भी कार्यालय ऐसा नहीं रहा, जिसने लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता पाई हो. विभाग के आंतरिक दस्तावेज के अनुसार राज्य में लक्ष्यों के अनुरूप जीएसटी राजस्व जुटाने में सर्वाधिक सफल भरतपुर जोनल कार्यालय को माना जा सकता है, लेकिन यह जोनल कार्यालय भी जीएसटी राजस्व जुटाने के लक्ष्य की तुलना में 79.66 फीसदी ही सफल रहा. इसके बाद दूसरा नम्बर जोधपुर जोनल कार्यालय क्रमांक 1 का हैं, जहां लक्ष्य की तुलना में अधिकारियों को 79.05 फीसदी सफलता ही हाथ लगी. जीएसटी राजस्व जुटाने में पिछड़ने वाले जोन की बात करें तो राज्य में भीलवाड़ा जोनल कार्यालय सबसे पिछड़ा रहा, जहां महज 69.68 फीसदी राजस्व ही जुट पाया, जबकि राज्य में पिछड़ने वाले जोनल कार्यालय में दूसरे नम्बर पर उदयपुर जोनल कार्यालय का स्थान रहा है, जहां 69.91 फीसदी ही जीएसटी राजस्व जुट सका. तुर्रा यह है कि कोटा और भिवाडी जोनल कार्यालय तो पिछले साल के समकक्ष भी जीएसटी राजस्व जुटाने में सफल नहीं हो सके. राजस्थान के जीएसटी राजस्व के कुल आंकड़ों की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार को जीएसटी राजस्व के रूप में 42518.22 करोड़ का राजस्व मिला था, जो 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछले साल की तुलना में करीब 8.26 फीसदी अधिक है. ऐसे में इस साल जीएसटी राजस्व की वृद्धि को 60.9 फीसदी तक बढ़ा पाना अधिकारी न केवल अव्यवहारिक मानते हैं, बल्कि इनका कहना है कि जब पिछले साल की ग्रोथ ही करीब सवा आठ फीसदी है तो इस साल इसमें सात गुना तक बढ़ोतरी कर पाना कैसे संभव हो पाएगा.

### यह रही राजस्थान में जीएसटी संग्रहण की जोनल कार्यालय में स्थिति

| जोनल कार्यालय | जीएसटी लक्ष्य | प्राप्त जीएसटी | राजस्व लक्ष्य का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भरतपुर | 600 करोड़ | 477.98 करोड़ | 79.66% |
| जोधपुर-1 | 2450 करोड़ | 1963.62 करोड़ | 79.05% |
| भीलवाड़ा | 2450 करोड़ | 1707.11 करोड़ | 69.68% |
| उदयपुर | 3050 करोड़ | 2132.27 करोड़ | 69.91% |

## न्यूज कॉर्नर

### माचिस की डिब्बी को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या, चार पकड़े गए

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास माचिस की डिब्बी को लेकर हुए विवाद के बाद 39 वर्षीय शख्स की चाकू गोदकर हत्या करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि वेलकम इलाके की जे जे कॉलोनी के रहने वाले अकील अहमद का शव 23 मार्च को मिला था . अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इमरान (19), फैजान (23) और साहिल (20) को गिरफ्तार करने के अलावा 17 वर्षीय लड़के को हिरासत में लिया है, ये सभी वेलकम इलाके की जनता मजदूर कॉलोनी के निवासी हैं. एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने अहमद पर तब हमला किया जब उसने उनके साथ माचिस की डिब्बी साझा करने से इनकार कर दिया. वारदात के बाद वे मौके से फरार हो गए. उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है.

### नाकाबंदी जारी रही तो फारस की खाड़ी बंद कर देंगे : ईरान

**काहिराः** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के कमांडर ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाता है, तो ईरान फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर में निर्यात एवं आयात पूरी तरह बंद कर देगा. ईरान की सरकारी मीडिया ने कमांडर अली अब्दुल्लाही के हवाले से कहा, ईरान अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा. उन्होंने कहा कि अमेरिकी नाकाबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है. इजराइल और अमेरिका ने जब ईरान पर हमले शुरू किए थे, तब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था. सोमवार को अमेरिका ने ईरानी बंदरगाह क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश कर रहे जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी और कहा कि वह फारस की खाड़ी में अन्य जहाजों के आवागमन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा.

### ईडी ने 'आप' सांसद अशोक मित्तल से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों पर छापे मारे

**जालंधर/नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. जालंधर और गुरुग्राम में लगभग 10 स्थानों पर फेमा के तहत तलाशी ली गयी. ईडी के अधिकारियों ने बताया कि इसमें फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का परिसर और गुरुग्राम में स्थित टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं. मित्तल (61) को हाल में राज्यसभा में 'आप' का उपनेता नियुक्त किया गया है, जहां उन्होंने राघव चड्ढा की जगह ली है. वह फगवाड़ा में स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति भी हैं. अधिकारियों के अनुसार, ईडी फेमा की जांच के रूप में इन शैक्षणिक संस्थानों के कुछ विदेशी वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने छापेमारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी 'तैयारियां' शुरू कर दी हैं, जहां वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार है. 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर मान के पोस्ट को टैग करते हुए उनके बयान का समर्थन किया.

### तुर्किये में एक छात्र ने स्कूल में गोलीबारी की, चार लोगों की मौत

**अंकारा (तुर्किये):** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेरम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था. हमलावर स्वयं भी मारा गया. हमलावार छात्र के पिता पुलिस अधिकारी हैं. उन्होंने बताया कि मृतकों में एक शिक्षक भी शामिल है. हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल सका है.

### गुरुग्राम में सीवर की सफाई के दौरान दो सफाईकर्मियों की मौत, एक की हालत गंभीर

**गुरुग्रामः** हरियाणा में सीवर की सफाई करते समय कथित तौर पर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से दो सफाईकर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य की हालत गंभीर है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे फिरोजपुर झिरका नगरपालिका के कर्मचारी एनएच-248ए पर आंबेडकर चौक के पास एक सीवर की सफाई कर रहे थे, तभी यह घटना हुयी. पुलिस के अनुसार, सीवर की सफाई के लिए गए एक मजदूर के काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर दूसरा मजदूर उसकी तलाश में उतरा, लेकिन वह भी वापस नहीं लौटा. इसके बाद चिंतित मजदूरों ने तीसरे मजदूर को नीचे भेजा, जिसने चिल्लाना शुरू कर दिया और वहां मौजूद अन्य लोगों को सतर्क कर दिया. यहां एक जेसीबी मशीन की मदद से चलाए गए बचाव अभियान में तीनों श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया; हालांकि, उनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी थी. पुलिस ने बताया कि तीसरे मजदूर को मंडी खेड़ा के अल आफिया सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद से ठेकेदार फरार है. उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना जहरीली गैस के कारण दम घुटने से हुई. मामले की जा रही है.

# सीबीएसई कक्षा 10 के नतीजे घोषित, 93.70 फीसदी उत्तीर्ण

**नई दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है. इस वर्ष कुल 93.70 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष के 93.66 प्रतिशत की तुलना में 0.04 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है. बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष 24,83,479 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 24,71,777 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 23,16,008 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए. परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक किया गया था.

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्र 99.79 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे, जबकि चेन्नई (99.58 प्रतिशत) और बेंगलुरु (98.91 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. दिल्ली पश्चिम

**क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा अव्वल**



और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का पास प्रतिशत क्रमशः 97.45 और 97.33 रहा. परिणाम में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों के मुकाबले बेहतर रहा. परिणामों के मुताबिक 94.99 प्रतिशत छात्राएं पास हुईं, जबकि 92.69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए. ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 87.50 रहा.

संस्थागत प्रदर्शन की बात करें तो केन्द्रीय विद्यालय (केवी) ने 99.57 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे. सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत क्रमशः 91.43 और 91.01 रहा. विदेशी स्कूलों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा, जहां पास प्रतिशत 99.10 दर्ज किया गया.इस वर्ष परीक्षा में कुल 2,21,574 छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे ज़्यादा अंक हासिल किए. इनमें से 55,368 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज़्यादा अंक प्राप्त किए. इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए, जो छात्रों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन को दर्शाता है. सीबीएसई ने बताया कि 1,47,172 छात्रों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो कुल उम्मीदवारों का 5.95 प्रतिशत है. इन छात्रों को परीक्षा के दूसरे चरण में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा. पिछले वर्ष 5.96 प्रतिशत की तुलना में यह मामूली कमी है.

## ईरान को हथियारों की आपूर्ति नहीं करने पर सहमत हुआ चीन : ट्रंप



**काहिराः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है. उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है. ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने(चीन ने) ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है. ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे. राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है.

## पवन खेड़ा को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत देने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के खिलाफ आरोप लगाने के मामले में उन्हें एक सप्ताह की अग्रिम जमानत दी गई थी. न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने खेड़ा और अन्य को नोटिस जारी कर तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली असम सरकार की याचिका पर उनका जवाब मांगा है.

असम सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि असम में दर्ज एक मामले में जमानत के लिए तेलंगाना हाईकोर्ट में खेड़ा का आवेदन करना प्रक्रिया का पूर्ण दुरुपयोग है और यह अपनी सुविधा के हिसाब से अनुकूल मंच चुनने का मामला प्रतीत होता है. याचिका पर नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अमल पर रोक रहेगी. पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की.



हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को खेड़ा को कुछ शर्तों के साथ एक सप्ताह की अग्रिम जमानत दे दी और उन्हें संबंधित अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया. कांग्रेस नेता ने पांच अप्रैल को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशी संपत्ति है, जिसे राज्य में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है. शर्मा दंपति ने इन आरोपों को खारिज किया था और इसे झूठा एवं मनगढंत बताया था.

## फरीदाबाद में शराब परोसने से इनकार करने पर मधुशाला के कर्मचारी की पीट-पीटकर हत्या

**फरीदाबादः** फरीदाबाद में एक अहाता में काम करने वाले एक कर्मचारी को कथित तौर पर बारात में शामिल लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला, क्योंकि उसने उन्हें शराब परोसने से मना कर दिया था. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना बल्लभगढ़ के सेक्टर-तीन इलाके में एक सामुदायिक केंद्र के पास रात करीब 12:30 बजे हुई. पुलिस ने मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले आदेश (30) के रूप में की है. पुलिस के अनुसार, गुरुग्राम से आए कुछ शादी के मेहमान एचएसवीपी मार्केट में एक शराब की दुकान के पास स्थित मधुशाला में शराब के लिए पहुंचे थे. पुलिस के अनुसार, जब आदेश ने उन्हें शराब परोसने से इनकार कर दिया तो मेहमान क्रोधित हो गए और उस पर हमला करने लगे. हमलावरों ने कथित तौर पर 30 वर्षीय आदेश को बेरहमी से पीटा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

## अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**जम्मू :** दक्षिण कश्मीर हिमालय में होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण बुधवार से शुरू हो गया है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु जम्मू में स्थापित काउंटरों पर पहुंच रहे हैं. अग्रिम पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है. 57 दिनों की यह तीर्थयात्रा 3 जुलाई को अनंतनाग के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल के 14 किलोमीटर लंबे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बाल्टल मार्ग से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन 28 अगस्त को समाप्त होगी.

पंजाब नेशनल बैंक के जम्मू सर्कल के प्रमुख डीजीएम पंकज कुमार वर्मा ने यहां पत्रकारों को बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है. तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ है जो अपना पंजीकरण कराने आ रहे हैं. पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा रहा है. पंजाब नेशनल बैंक इस यात्रा के लिए नोडल बैंक के रूप में कार्य करता है. भारत भर में 556 बैंक



शाखाएं पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल हैं जिनमें से पंजाब नेशनल बैंक की 310 शाखाएं भाग ले रही हैं.

उन्होंने आगे बताया कि जम्मू में छह काउंटर स्थापित किए गए हैं. जम्मू में जम्मू-कश्मीर बैंक और पीएनबी सहित ऑफलाइन शाखाओं में सुबह 8 बजे से ही लंबी कतारें लग गईं क्योंकि श्रद्धालु पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने से एक घंटा पहले ही लाइन में लग गए थे. पंजाब के पठानकोट से रेहारी कॉलोनी स्थित पीएनबी शाखा में पंजीकरण कराने आए विनोद कुमार ने बताया कि यह उनकी 11वीं यात्रा है. उन्होंने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से हमेशा पहले बैच में गुफा मंदिर में दर्शन करते आए हैं. इस वर्ष भी हमने तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण कराया है. उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं से हमारा संदेश है कि वे आएं, दर्शन करें और आशीर्वाद प्राप्त करें. हमारे लिए यह यात्रा वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा है.

पीएनबी के डीजीएम ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में कानून व्यवस्था में काफी सुधार होने के कारण बैंकों का सहयोग भी बढ़ा है. उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि लोगों की संख्या और बढ़ेगी. उन्होंने आगे कहा कि इसी के अनुरूप हम इस बात का आकलन कर रहे हैं कि बैंक पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सरल और सुगम कैसे बनाया जा सकता है. अधिकारियों ने बताया कि ऑफलाइन पंजीकरण देश भर में 556 बैंक शाखाओं में किया जा सकता है जिनमें पंजाब नेशनल बैंक की 310 शाखाएं, जम्मू-कश्मीर बैंक की 90 शाखाएं, यस बैंक की 37 शाखाएं और एसबीआई की 99 शाखाएं शामिल हैं.

## दिल्ली में मुठभेड़ के बाद छह बांग्लादेशी डकैत गिरफ्तार, हथियार जब्त

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने सराय काले खां के पास आधी रात को हुई एक मुठभेड़ के बाद बांग्लादेश स्थित डकैतों के एक गिरोह के छह कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह गिरोह कई राज्यों में डकैती और हत्या की वारदात को अंजाम देने में शामिल था और घटना के बाद पड़ोसी देश भाग जाता था. पुलिस ने दावा किया कि गिरोह संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए पूरे भारत में स्थानीय संपर्कों और रिश्तेदारों के नेटवर्क का इस्तेमाल करता था.

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के रहने वाले इन आरोपियों को एक गुप्त सूचना के आधार पर 14 और 15 अप्रैल की दरमियानी रात को अपराध शाखा के रंगदारी एवं अपहरण विरोधी प्रकोष्ठ (एईकेसी) द्वारा चलाए गए एक



अभियान के दौरान पकड़ा गया. पुलिस ने बताया कि गिरोह ने भारत-बांग्लादेश सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और दक्षिण दिल्ली में डकैती डालने की साजिश रच रहा था. अधिकारी ने कहा, सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एक टीम ने (दक्षिण पूर्व दिल्ली के) सराय काले खां श्मशान घाट के पास एक सुनसान वन क्षेत्र में जाल बिछाया. जब टीम ने संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की, तो उन्होंने बचने के प्रयास में गोलीबारी कर दी. पुलिस ने कहा कि उन्होंने नियंत्रित तरीके से जवाबी कार्रवाई की और उनमें से छह को काबू कर लिया. अधिकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमन हौलधर उर्फ पन्नू (35), सैफुल इस्लाम (31), सोहेल शेख (35), मोहम्मद नासिर (48), नूर इस्लाम उर्फ नदीम खान (56) और जाकिर (40) के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे.

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान उनके कब्जे से चार देसी कट्टे, कारतूस, कारतूस के खोखे और घरों में सेंधमारी करने के उपकरण बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है.

## सेवानिवृत्त आईएएस सुबोध अग्रवाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए



**जयपुरः** जल जीवन मिशन से जुड़े 960 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अग्रवाल को 10 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वे पुलिस हिरासत में थे. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को हिरासत की अवधि पूरी होने पर अग्रवाल को एसीबी अदालत में पेश किया.

## महिलाओं के आरक्षण की आड़ में सरकार की परिसीमन लागू करने की 'कुटिल साजिश' : ओ'ब्रायन

**नई दिल्ली:** तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं के आरक्षण की आड़ में परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश को अंजाम दे रही है. ओ'ब्रायन की यह टिप्पणी संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से एक दिन पहले आई है, जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर विचार किया जाएगा. तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी का एक पुराना वीडियो भी साझा किया, जिसमें वे महिलाओं के आरक्षण की अपनी लंबे समय से जारी मांग को रेखांकित करती नजर आ रही हैं. उन्होंने कहा, परिसीमन कुटिल एजेंडा है, महिलाओं का तो बहाना है. तृणमूल नेता ने कहा कि



सत्तारूढ़ दल ने महिलाओं की कभी भी परवाह ही नहीं की.

ओ'ब्रायन ने लगभग तीन दशक पहले लोकसभा में बनर्जी के भाषण का हवाला दिया जिसमें बनर्जी ने कहा था, जब हम महिला आरक्षण विधेयक पेश नहीं कर सकते तो इस देश में महिलाओं का सम्मान कहां है? अध्यक्ष हमें निश्चित तिथि, जानकारी और समयसीमा बताएं कि इसे कब पेश किया जाएगा.

## हिमंत ने राहुल गांधी को 'पागल व्यक्ति' करार दिया

**भुवनेश्वरः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को पागल व्यक्ति करार दिया. उन्होंने यह टिप्पणी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा उन पर अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों को परेशान करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने के आरोपों के जवाब में की. ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए यहां हवाई अड्डे पर आए शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत की. असम के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह अपने पासपोर्ट का विवरण सार्वजनिक करें और बताएं कि उन्होंने किन-किन देशों की यात्रा की है.

राहुल गांधी द्वारा शर्मा को देश का सबसे भ्रष्ट व्यक्ति करार देने और पवन खेड़ा के समर्थन में पार्टी के खड़े होने का बयान दिये जाने के बाद पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री की यह तीखी



प्रक्रिया आई है. खेड़ा ने आरोप लगाया है कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्तियां हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है. शर्मा परिवार ने इन आरोपों को झूठा बताकर खारिज कर दिया है.

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, मैं बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि न तो मेरे पास और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य के पास गोल्डन वीजा है, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है. राहुल गांधी एक पागल व्यक्ति हैं. उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि वे अपना पासपोर्ट मीडिया के सामने पेश करें, और मैं अपना और अपने परिवार के सदस्यों के पासपोर्ट लेकर आऊंगा. मीडिया को पता चले कि कौन किस देश का दौरा कर रहा है.

शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी भगवान नहीं हैं. उन्होंने कहा, अगर मैं उन पर आरोप लगाऊं, तो क्या वे उनकी जांच के लिए तैयार होंगे? उन्हें यह पता होना चाहिए कि दूसरों को भी उनसे सवाल पूछने का अधिकार है. खेड़ा को तेलंगाना उच्च न्यायालय से मिली एक सप्ताह की अग्रिम जमानत पर उच्चतम न्यायालय की रोक के बारे में पूछे जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है.

## धर्मांतरण पर प्रभावी रोक के लिए राष्ट्रव्यापी कानून जरूरी : विहिप

**नई दिल्ली:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पढ़े-लिखे मुस्लिम युवक-युवतियों के माध्यम से टीसीएस जैसी अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक फैले धर्मांतरण एवं लव जिहाद की लगातार आती खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी रोक के लिए एक राष्ट्रव्यापी कठोर कानून की मांग की. विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टीसीएस नासिक में षड्यंत्र के उजागर होने के बाद पूरी दुनिया अचंभित है. उच्च पद पर एक मुसलमान के बैठते ही किस प्रकार वह अधिक संख्या में अपने मुस्लिम सहयोगियों को भर्ती कर लेता है और उसके बाद बीसियों हिंदू लड़के-लड़कियों को अपने षड्यंत्र का शिकार बनाता है. यह अत्यंत गंभीर एवं आश्चर्यजनक है. उनको मुस्लिम तौर-तरीका सिखाना, नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करना, गौ मांस खिलाना और जबरन धर्मांतरण करना घोर आपत्तिजनक है.

उन्होंने कहा कि विहिप बधाई देता है उन सात महिला पुलिसकर्मियों को जिन्होंने टीसीएस में ज्वाइन करके इस षड्यंत्र का पता लगाया और अधिक युवाओं को इस षड्यंत्र का शिकार होने से रोका. डॉ जैन ने कहा कि यह षड्यंत्र टीसीएस तक सीमित नहीं है अपितु, टेक महिंद्रा गोरेगांव और अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी जिहादी षड्यंत्र का एक व्यापक जाल फैला हुआ है.

उन्होंने कहा कि अभी तक जिम जिहाद, थूक जिहाद, सैलून जिहाद कोरियोग्राफर जिहाद आदि ही सामने आते थे और लगता था कम पढ़े-लिखे लोग ही इस षड्यंत्र में शामिल हैं, लेकिन अलफलाह, केजीएमयू विश्वविद्यालय और उसके बाद इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अंदर काम करने वाले लोगों की इस धर्मांतरण के षड्यंत्र में संलिप्तता बताती है कि जिहादी षड्यंत्र केवल कम पढ़े-लिखे लोगों के दिमाग की ही विकृति नहीं है अपितु, ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों के दिमाग में भी जिहादी कीड़ा उतना ही काम करता है और वे भी सभ्यता के सभी दायरे को तोड़कर जबरन धर्मांतरण करते हैं.

डॉ जैन ने कहा कि व्यापारिक जगत का एक और षड्यंत्र सामने आया. मलेशिया स्थित एक कंपनी के मालिक संपूर्ण विश्व के व्यापारिक जगत में इस्लामी आधिपत्य स्थापित करना चाहते हैं. आज संपूर्ण विश्व इसे परेशान है और इससे मुक्ति का उपाय चाहता है. पत्रकार जगत में भी इस प्रकार के षड्यंत्र सामने आ रहे हैं.

विहिप ने चेतावनी दी है कि अगर कोई इन विषयों को रोक लगाना चाहता है और जिहादियों से कोई संबंध नहीं रखना चाहता तो अब उसे इस्लामिक फोबिया से त्रस्त नहीं कहा जा सकता. संपूर्ण विश्व का सभ्य समाज इस जिहादी षड्यंत्र से बचने के लिए छटपटा रहा है और इसके लिए उपाय भी कर रहा है. देश में भी जिन राज्यों में सख्त कानून बने हैं और प्रभावी रूप से लागू हो रहे हैं, वहां इन षड्यंत्रों पर रोक लगी है.

उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की मांग है कि देश के सभी राज्यों में अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बने. सभी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों की चिंता करें. विहिप ने कहा कि टीसीएस षड्यंत्र की जांच एनआईए कर रही है. इससे स्पष्ट है कि अब यह एक राज्य का विषय नहीं है अपितु, एक राष्ट्रव्यापी षड्यंत्र बन चुका है. इसको रोकने के लिए केंद्र सरकार को भी आगे आकर सख्त कदम बढ़ाना चाहिए. उन्होंने कहा कि अवैध धर्मांतरण विरोधी राष्ट्रव्यापी कानून बनाना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश के समक्ष उपस्थिति इस चुनौती का प्रभावी मुकाबला करना चाहिए.

नौ सेना भवन में नेवल कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का पहला संस्करण शुरू

# नौ सेना प्रमुख ने भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए नौ सेना की सराहना की

युवा शक्ति न्यूज

**नयी दिल्ली:** प्रथम भारतीय नौसेना कमांडर सम्मेलन 14 अप्रैल को नौ सेना भवन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ. नौसेना प्रमुख ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहित भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने, अभियानों की गति बढ़ाने और अंतर-सेवा समन्वय को मजबूत करने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की. नौसेना प्रमुख ने भविष्य के लिए तैयार बल के निर्माण हेतु युद्ध की तैयारी पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर बल दिया. इंडियन नेवी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस नेवल स्टाफ चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सीनियर नेवल लीडरशिप, आउटस्टेशन ऑपरेशनल और एरिया कमांडर्स, और कमांड हेडक्वार्टर और नेवल हेडक्वार्टर स्टाफ के समक्ष भाषण दिया. सीएमएस ने वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच एनर्जी सिक्योरिटी, ऑपरेशन्स की रफ़्तार बढ़ाने और बेहतर इंटर-सर्विस सिनर्जी सहित भारत के समुद्री हितों की सुरक्षा में नेवी की उपलब्धियों की तारीफ़ की. सीएनएस ने फ्यूचर रेडी फोर्स बनाने के लिए लड़ाई की तैयारी और नई टेक्नोलॉजी को अपनाने पर लगातार ध्यान देने पर ज़ोर दिया. उन्होंने ने उभरते जियोस्ट्रेटेजिक सिनेरियो में इंडियन ओशन रीजन और उससे आगे इंडियन नेवी के कमिटमेंट्स को दोहराया, और मल्टीलेटरल और बाइलेटरल एक्सरसाइज में फ्रेंडली फॉरेन कंट्रीज के साथ प्रोएक्टिव एंगेजमेंट के ज़रिए कोहेसिव और क्रेडिबल अप्रोच के महत्व पर ज़ोर दिया. यह सम्मेलन 16 अप्रैल तक चलेगा. कॉन्फ्रेंस के दौरान ऑपरेशनल हाइलाइट्स पर चर्चा की गई, जिसमें जॉइंटनेस, कैपेबिलिटी एनहांसमेंट (अफ्लोट और एशोर), मेंटेनेंस और रिफिट्स, मल्टी-डोमेन सेफ्टी प्रैक्टिस, ट्रेनिंग, फॉरेन कोऑपरेशन, एचआर इश्यूज, और इनोवेशन और इंडिजिनाइजेशन से जुड़े खास मुद्दे शामिल थे. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बदलते जियोपॉलिटिकल ऑर्डर से जुड़े मामलों पर नेवल कमांडरों को संबोधित किया और उनसे बातचीत की, और नेवी से इकोनॉमिक और टेक्नोलॉजिकल फैक्टर्स सहित युद्ध के तेजी से बदलते कैरेक्टर के लिए प्लान बनाने का आग्रह किया.



# डी.लिट. की उपाधि से सम्मानित हुए सीए विनोद अग्रवाल



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता :** कोलकाता शहर के नामचीन चार्टर्ड अकाउंटेंट ओर बिड़ला समूह में पिछले 46 वर्षों से उच्च प्रबंधन अधिकारी के रूप में कार्यरत, प्रेरक वक्ता सीए विनोद अग्रवाल, महासचिव श्री शिक्षायतन स्कूल,शिक्षायतन फाउंडेशन को हाल ही में युनिवर्सिटी ऑफ सैंट्रल अमेरिका द्वारा मानद डी.लिट. की उपाधि, उनके सार्वजनिक जीवन मे शिक्षा के योगदान एवं मोटिवेशनल शैशन द्वारा समावैसिक समाज की संरचना के निरंतर प्रयास, हेतू नवाजा गया हैं. विनोद अग्रवाल ने माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, वाणिज्य स्नातक की पढ़ाई जमशेदपुर से बोर्ड ओर रांची विश्वविद्यालय से सर्वदा प्रथम श्रेणी ओर मैरिट लिस्ट में प्रारम्भिक पोजीशन से उत्तीर्ण की. कोलकाता में आकर चार साल से भी कम समय में चार्टर्ड एकाउंटेंसी, कम्पनी सेक्रेटरीशिप, कास्ट एकाउंटेंसी की परीक्षाएं प्रथम प्रयास में विशीषठता के साथ पास की. पिछले 46 सालों से बिड़ला उधोग समूह में वित्त, लेखा पालन, आयकर ओर उच्च मैनेजमेंट की विधाओं में विनोद अग्रवाल ने गुणवत्ता पुर्ण सेवा का आयाम स्थापित किए हैं. अपने पौरफेशनल दायित्व के साथ, पिछले 20 सालों से विनोद पोजिटिव फाउंडेशन के माध्यम से देश के सभी प्रमुख शहरों कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, बंगलौर, नागपुर, प्रयाग राज, रांची, इंदौर, जमशेदपुर, संबलपुर, झारसुगुड़ा, जयपुर, आईआईटी खड़गपुर, रायपुर, इंजीनियरिंग कॉलेज हरियाणा और MBA शिक्षा संस्थानों, राजभवन (पं बंगाल) ओर कनाडा तथा अमेरिका में जीवन उपयोगी विषयों: तनाव से मुक्ति - जिंदगी से दोस्ती, बच्चों को कार दे या संस्कार, विपत्ति में उन्नति के अवसर, कर भला होगा भला, हंसना जरूरी है ज़िन्दगी के लिए, सुखी जीवन के सरल मंत्र पर करीब 600 कार्यक्रम संपादित कर चुके हैं. संत राजेश्वरा नंद जी महाराज, बालव्यास श्रीकांत जी, केशरी नाथ त्रिपाठी, श्री और श्रीमती बसंत कुमार बिड़ला, हरिकृष्ण जी चौधरी, सज्जन जी बंसल, विशम्बर जी नेवर, प्रकाश जी अग्रवाल, सुधांशु शेखर, कमल किशोर जी (प्रभात खबर) देव कुमार सराफ, निर्मल पौदार, कई उच्च आय-कर और पुलिस अधिकारी, डाक्टर, शिक्षक गण, उघोगपति ने सहभागिता कर विनोद पोजिटिव फाउंडेशन की कार्यशालाओं को सकारात्मक ओर जन उपयोगी बताया. अपनी सहधर्मिणी अनिता अग्रवाल के सहयोग से हजारों इंसानों की निःशुल्क नेत्र परीक्षण और सैकड़ों मोतियाबिंद सर्जरी गरीब आदमियों की, देश के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा. पार्थो विश्वास (Trinetra laya Eye center) के सहयोग से करवा चुके हैं. विनोद पोजिटिव फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध होता है. सामाजिक सारोकार और दायित्व के निर्वाहन हेतू, अग्रवाल को पहले भी उधोग भारती दिल्ली, सीएफओ 100 मुंबई, सुभाष चंद्र बोस उत्कृष्टता कोलकाता, विवेकानन्द शिक्षा गुणवत्ता सम्मान गौहाटी, डा.राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान जयपुर, लायन्स क्लब सामाजिक सारोकार, राज्यपाल सम्मान पत्र से नवाजा गया.

## शब्दाक्षर दिल्ली का कवि सम्मेलन सम्पन्न




युवा शक्ति न्यूज

**दिल्ली/कोलकाता:** विगत दिवस कोलकाता मुख्यालय वाली, राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' की दिल्ली प्रदेश समिति द्वारा प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार मिश्र 'प्रतापगढ़िया' की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कवि सत्यवान यादव के संरक्षण मे भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यकम में 'शब्दाक्षर दिल्ली' के अनेक पदाधिकारियों एवं अतिथिगणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनके गीत, ग़ज़ल, कविताओं ने सबका मनोरंजन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ कवि नरेश दुआ उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि-जानी-मानी कवियत्री कुसुम लता पुंडोरा 'कुसुम' रहीं. कवियत्री आरती वर्मा द्वारा माँ शारदा की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तत्पश्चात 'शब्दाक्षर गीत' बड़े मधुर स्वर में नीलम उपाध्याय और डॉ.अम्बिका मोदी द्वारा प्रस्तुत किया गया. अतिथि सम्मान समिति के संगठन मंत्री हरेंद्र हर्षित और मीडिया प्रभारी रमाशंकर भारती द्वारा किया गया. कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक केन्द्रीय पेज से किया गया, जिसे कोलकाता में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के साथ पूर्ण भारत सहित विदेशों में भी हजारों लोगों द्वारा लाइव देखा गया. आरती वर्मा, मधु वशिष्ठ, मांगेराम, अनीता तिवारी, कोमल पंत, विनय कुमार, शिवशंकर लोधी 'राजपूत', मनोरमा, नीलम उपाध्याय, प्रीवंशी चारण, पारुल राज, पुनीता सिंह, स्वाति स्वर्णकार 'शास्वत', ऋतु रस्तोगी, रजनीबाला 'सहज' आदि रचनाकारों ने विविध विषयों पर शानदार काव्य पाठ करके सभागार को गुंजित कर दिया. कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अर्थ मंत्री दिल्ली डॉ.अम्बिका मोदी ने तो वहीं धन्यवाद ज्ञापन साहित्य मंत्री नीलम उपाध्याय ने किया.

## आलिया कांकरिया ने ईस्टर्न चैलेंजर स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप जीती



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** कोलकाता में आलिया कांकरिया ने ईस्टर्न चैलेंजर स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप जीत ली है. यह 20 राज्यों के 280 खिलाड़ियों की भागीदारी वाला 3 स्टार एसआरएफआइ नेशनल लेवल का टूर्नामेंट था. अगले महीने चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए इंडियन टीम में क्वालिफ़ाई करने के बाद यह उनकी पहली गर्ल्स अंडर 13 टूर्नामेंट जीत है. उन्होंने फ़ाइनल में मुंबई की श्रेया माहेश्वरी को 3-1 से हराया.

## विजय उपाध्याय के साथ माहेश्वरी बन्धुओं की मीटिंग



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता :** जोड़ासांको से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी विजय उपाध्याय के समर्थन में माहेश्वरी बन्धुओं द्वारा महेश्वरी भवन सभागार में खचाखच भरी सभा की अध्यक्षता बुलाकी दास मिमाणी ने की. विजय उपाध्याय की सुपुत्री नेहा उपाध्याय बागडीं ने अपने वक्तव्य में पिता की सेवा भावना और अन्याय व शोषण के खिलाफ संघर्ष पर अपने संस्मरण सुनाये. श्री उपाध्याय ने कहा कि जनता के आशिर्वाद से उसी प्रकार हर समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं. समाज सेवी सुरेश डागा, घनश्याम सारडा सहित गणमान्य लोगों ने अपनी बाते रखी. विजय उपाध्याय को शिव परिवार का तस्वीर दे कर सम्मानित किया गया. सुशील कोठारी, गज्जु चाण्डक एवं हरिनारायण भट्टड़ ने संयुक्त रुप से कुशलता से सभा का संचालन किया.

ईश्वर की साधना, मोक्ष मार्ग सरल है

# सत्संग से भक्तों के जीवन में धार्मिक निष्ठा बढ़ती है, अच्छे संस्कार जागृत होते हैं



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** ब्रह्मलीन स्वामी विश्वदेवानंद महाराज के निर्वाण दिवस पर सत्संग भवन में आचार्य श्री श्रीकांत शास्त्री, युवाचार्य डॉ. आकाश शर्मा, श्रीराम कथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, गौरा कृष्ण महाराज, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन जोशी ने कहा स्वामी विश्वदेवानंद महाराज ने अध्यात्मिक, दार्शनिक, सांस्कृतिक वांग्मय अध्ययन कर बसुधैव कुटुम्बकम, जनकल्याण की भावना से श्रद्धालु भक्तों का जीवनपर्यन्त मार्गदर्शन किया. ईश्वर की साधना, मोक्ष मार्ग सरल है. सत्संग से भक्तों के जीवन में धार्मिक निष्ठा बढ़ती है, अच्छे संस्कार जागृत होते हैं. अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश को प्राप्त करने के लिये सन्त-महात्मा का सानिध्य जरूरी है. स्वामी विश्वदेवानंद महाराज के बताए सत्मार्ग का अनुसरण करना सच्ची श्रद्धांजलि है. सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकान्त तिवारी, शकुन्तला तिवारी, दीपक मिश्रा, सत्यनारायण भट्टड़, प्रदीप आसोपा, मुकेश शर्मा, पवन तोदी, समाजसेविका ज्योति वर्मा, समाजसेवी डॉ. अशोक पोद्दार, प्रकाश खेतान, मनोज पराशर, शंकरलाल सोमानी, पवन भट्टड़, बुलाकीदास मिमानी ने स्वामी विश्वदेवानंद महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया. संचालन राजेन्द्र कुमार सोनी, धन्यवाद ज्ञापन शंकर शर्मा ने किया. राजू शर्मा, अशोक शुक्ला, अरुणा अग्रवाल, अशोक तिवारी, अभय पांडेय एवं कार्यकर्ता आयोजन की सफलता के लिये सक्रिय रहे.

# गंगामिशन ने मनाया 'मीन मंगल उत्सव'

जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और संकल्प का संगम




युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता/हुगली:** नववर्ष के पावन अवसर पर नई आशाओं और सकारात्मक संकल्पों के साथ गंगा मिशन द्वारा हुगली के बांसबेड़िया में 'मीन मंगल उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया. पहेला बैशाख की शुभ बेला में आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया. कार्यक्रम के केंद्र में सेवा और संवेदना का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ. वैशाख की तीव्र गर्मी को ध्यान में रखते हुए गंगा मिशन ने आमजन के बीच 8 जल शुद्धिकरण यंत्र, 2 वाटर कूलर तथा पक्षियों के लिए 100 घोंसलों का वितरण किया. साथ ही जलाशयों के संरक्षण और शुद्धिकरण के उद्देश्य से 30,000 मछलियों का विसर्जन किया गया. इस अवसर पर फिजियोथेरेपी केंद्र और रात्रिकालीन आश्रय स्थल (नाइट शेल्टर) का उद्घाटन भी किया गया, जो जरूरतमंदों के लिए महत्वपूर्ण सहारा सिद्ध होगा. बांसबेड़िया के आजाद हिंद पार्क में इन सुविधाओं की शुरुआत के साथ क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों को नई दिशा मिली है. गंगा मिशन के अखिल भारतीय महासचिव प्रह्लाद राय गोयनका ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीव सेवा ही शिव सेवा है के मूल मंत्र के साथ संस्था निरंतर समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक जीव के कल्याण के लिए कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर मनुष्य, पक्षी और जलीय जीव सभी को समान रूप से जीने का अधिकार है, और इसी भावना से संस्था जनहित के कार्यों को आगे बढ़ा रही है. गोयनका ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में विद्यालयों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल शुद्धिकरण यंत्र लगाए जाएंगे. साथ ही युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किशोरों के बीच फुटबॉल और जर्सी का वितरण भी किया गया. उन्होंने आजाद हिंद पार्क के विकास तथा वहां डीप ट्यूबवेल स्थापित कराने का आश्वासन भी दिया. गंगा मिशन द्वारा गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान, गोष्ठियां, सेमिनार, घाटों की सफाई, वृक्षारोपण और स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है. वर्ष 2026-27 के लिए इन सभी गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत 'मीन मंगल उत्सव' के माध्यम से की गई. कार्यक्रम में निर्मला गोयनका, बांसबेड़िया नगरपालिका के अध्यक्ष तापस मुखर्जी, इंद्रजीत दत्ता, संदीप बजाज, अमित घोष, दीपक दा, काउंसलर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही. 'मीन मंगल उत्सव' केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा, जिसने नववर्ष के अवसर को समाजहित के संकल्पों से सार्थक कर दिया.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन

# सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाने पर नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की



**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया.इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं.इस अवसर पर बुधवार को भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह बिहार के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है.सम्राट चौधरी एक अनुभवी, कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं.उनके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा.उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है.डॉ. मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी तथा राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार निश्चित रूप से प्रगति के नए शिखर को प्राप्त करेगा.उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व का विषय है कि पार्टी के समर्पित नेता को राज्य की बागडोर संभालने का अवसर मिला है.यह केवल पार्टी के लिए ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए एक नई उम्मीद और नई दिशा का प्रतीक है.

इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी के उज्ज्वल नेतृत्व की कामना करते हुए बिहार के समग्र विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया.उक्त कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता राणा रंजीत सिंह, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, दीपक पाण्डेय, कमल बारीक, राजीव कुमार सिन्हा, सुनील रविदास, दारा रविदास प्रदीप कुमार, शेखर कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, अनिल बुलाकी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया.

## ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवकों की मौत के बाद लोगों ने शव रखकर किया सड़क जाम

**पूर्वी सिंहभूम:** जिले के टाटा-पटमदा मुख्य मार्ग पर स्थित बामनी टोला, बड़डीह गांव में मंगलवार देर रात अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद बुधवार शाम स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने विरोध स्वरूप दोनों शवों को सड़क पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया.इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने टाटा-पटमदा मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया. देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. छोटे-बड़े वाहन घंटों तक फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

## डीएम ने दैनिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 70 आमजनों की समस्याएं सुनीं.इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा.डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें.
फतेहपुर अंचल क्षेत्र से कुछ स्कूली बच्चा का विद्यालय में नामांकन करवाने संबंधित अवगत करवाया गया.डीएम ने त्वरित रूप से डीईओ को बुलाकर संबंधित समस्याओं को तुरंत समाधान करवाते हुए सरकारी विद्यालय में नामांकन करवाने का निर्देश दिए हैं.

## सीयूएसबी के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों को यूजीसी नेट – जेआरएफ परीक्षा में मिली सफलता



**युवा शक्ति न्यूज**
**टेकारी(गया) :** एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) ने यूजीसी नेट - जेआरएफ दिसंबर 2025 के संशोधित परीक्षा परिणाम जारी किया है

जिसमें दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के ऐतिहासिक अध्ययन एवं पुरातत्व विभाग के विद्यार्थियों को सफलता मिली है.

इस राष्ट्रस्तरीय पात्रता परीक्षा में सीयूएसबी के विद्यार्थियों को मिली सफलता पर कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा के साथ विभाग के अध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं. विस्तृत जानकारी देते हुए जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बुधवार को बताया कि ऐतिहासिक अध्ययन एवं पुरातत्व विभाग के छात्र देवेश कुमार दिनकर ने जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप) के लिए क्वालीफाई किया है.वहीं विभाग के अन्य तीन छात्रों क्रमशः पियूष रंजन, मनोज कुमार तथा अमन कुमार ने नेट (असिस्टेंट प्रोफेसर) के लिए आहर्ता प्राप्त की है.विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति अनिल खंडारे तथा संकाय सदस्यों डॉ. सुधांशु कुमार झा, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रोहित कुमार और डॉ. आनंद गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी है.वहीं विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भी उनकी दृढ़ता की सराहना की और उन्हें आगे शैक्षणिक एवं शोध के अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया.जेआरएफ क्वालीफाई करने वाले छात्रों को पीएचडी (शोध करने के लिए) करीब 35000 (पैंतीस हजार) रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलती है

, साथ ही मकान किराया भत्ता और शोध करने के लिए कंटीजेंसी भी दिया जाएगा.वहीं नेट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में सहायक प्राध्यापक बनने तथा पीएचडी शोध करने के लिए पात्र होते हैं.ज्ञात हो अकादमिक उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर सीयूएसबी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की वजह से वर्ष में दो बार आयोजित होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा में विश्वविद्यालय के छात्रों को व्यापक सफलता मिलती है.

## 18 अप्रैल को निकालने वाले प्रभात फेरी के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखवाए : डीएम



**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** विष्णुपद मंदिर परिसर में 18 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले यज्ञ के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण की तैयारी, भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, चिकित्सीय व्यवस्था, एम्बुलेंस की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, फायर सेफ्टी की ववस्तग सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश डीएम ने बुधवार को दिए हैं.डीएम ने सदर एसडीओ को निर्देश दिए हैं कि 18 अप्रैल को निकालने वाले प्रभात फेरी के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखवाए.साथ ही पूरे यज्ञ अवधि में मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित रखें.इसके पश्चात जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने विष्णुपद परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया.इस पुस्तकालय में अति प्राचीन ग्रंथ, किताबें एवं विभिन्न पुराने अलग अलग भाषाओं में लिखी हुई अभिलेख को देखा है.उन्होंने एसडीसी सह ओएसडी धनराज कुमार को निर्देश दिए हैं कि सभी प्राचीन अभिलेखों को अच्छे तरीके से स्कैन करवा कर भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करवाये.बड़ी संख्या में प्राचीन भाषाओं की किताबें यहां रखी हुई है.इस अवसर पर नगर आयुक्त, सदर एसडीओ, मंदिर प्रबंधकारिणी के पुरोहित भी उपस्थित थे.

## तृणमूल प्राथी अभिजीत घटक के समर्थन में बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर बाईक रैली कर प्रचार अभियान चलाया गया



**कुल्टी :** कुल्टी के वार्ड 58 मे तृणमूल प्राथी अभिजीत घटक के समर्थन मे बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर बाईक रैली कर प्रचार अभियान चलाया गया, धेमोमेन दुर्गापूजा मैदान से बईक रैली का आयोजन किया गया, इस रैली मे हज़ारो की संख्या मे पार्टी समर्थको ने हिस्सा लिया, पूर्व पार्षद सह समाज सेवी रोहित नोनिया के नेतृत्व मे आयोजित इस ऐतिहासिक रैली मे हजारो की तादाद मे तृणमूल के कर्मियो ने बाईक रैली के माध्यम से वार्ड 58 के पुरे क्षेत्र मे प्रचार प्रसार कर मतदाताओ से अपने समर्थन मे वोट देने की अपील की, इस क्रम मे तृणमूल प्राथी का महिलाओ ने तिलक लगा,माला पहना कर आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान पार्षद संजय नोनिया प्राथी के साथ खुली वाहन जीप मे सवार थे, रैली 58 नंबर वार्ड मे जबरदस्त जन संपर्क चलाया, इस अवसर पर प्राथी अभिजीत घटक ने कहा की आज बांग्ला नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनायें, आने वाले 23 अप्रैल को जोड़ा फूल मे वोट देकर ममता बनर्जी के हाथ को मजबूत करें, जहा पार्टी के कार्यकर्ता सुजीत सिंग, विनोद सिंग, सुनील भार्ती,धर्मबीर नोनिया, बलबीर नोनिया, मनोज नोनिया, नरेश नोनिया, सहित धेमोमेन के सभी युवाओ पार्टी समर्थको का अहम् योगदान रहा.

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचला, मौत

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी कला पंचायत अंतर्गत शबानो गांव के तरीपर टोला में बुधवार सुबह में सड़क किनारे खेल रहे एक तीन वर्षीय बच्चे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया. इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है. मृतक की पहचान तरीपर टोला निवासी रंजीत पासवान के पुत्र रामलला कुमार के रूप में हुई है. बताया जाता है कि बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था और इसी दौरान सड़क पार करने लगा. तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने संतुलन खो दिया और मासूम उसकी चपेट में आ गया.

## कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार ने किया थाने का घेराव

**आसनसोल :** दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा सीट के उम्मीदवार लखन गुरु के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार देर रात पश्चिम क्षेत्र में थाने का घेराव किया. पार्टी नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.तनावपूर्ण हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है. उल्लेखनीय है कि दुर्गापुर के बांकुड़ा मोड़ इलाके में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित रोड शो से पहले माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों के बीच तीखी झड़प हो गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गयाघटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया. इस दौरान कुछ लोग घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, योग मंदिर के सामने माइक बंद कराने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने और पथराव करने के आरोप लगाए हैं.भाजपा की ओर से आरोप लगाया गया है कि उनके कार्यकर्ताओं पर तृणमूल समर्थित असामाजिक तत्वों ने हमला किया, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा समर्थकों ने ही पहले उकसावे की कार्रवाई की. घटना के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं,

जिनमें झड़प और अफरा-तफरी के दृश्य देखे जा सकते हैं.पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है. भाजपा नेताओं ने मांग की है कि सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो और निष्पक्ष जांच कराई जाए. वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है.

## न्यूज कॉर्नर

### सीयूएसबी के विधि विभाग के छात्र संजीव कुमार बजट क्रेस्ट के बने फाइनलिस्ट

**युवा शक्ति न्यूज**
**टेकारी(गया) :** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के विधि एवं शासन विद्यापीठ के बीए एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्र संजीव कुमार ने प्रतिष्ठित माई भारत बजट क्रेस्ट 2026 के फाइनल में जगह बनाकर विश्वविद्यालय के साथ - साथ राज्य का नाम रोशन किया है.देशभर से 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से चयनित होकर अब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे वर्चुअल संवाद का अवसर मिला. कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने संजीव को बधाई देते हुए इसे सीयूएसबी की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया.इस उपलब्धि पर कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, डॉ. देव नारायण सिंह आदि के साथ विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने भी संजीव को बधाई और शुभकामनाएं दी है.जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बुधवार को बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता युवाओं की नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ाने और विकसित भारत के विजन के साथ केंद्रीय बजट 2026 पर केंद्रित था.संजीव का चयन राजकोषीय नीति और बिहार की जमीनी चुनौतियों की उनकी गहरी समझ को दर्शाता है.संजीव ने अपने मार्गदर्शन के लिए प्रो बोनो क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. देव नारायण सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, और अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार का आभार जताया.

### सीटी एसपी ने जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** सीटी एसपी कोटा किरण कुमार के द्वारा बुधवार को जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई.जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए.सीटी एसपी के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए.

### झारखंड के सारंडा जंगल में मुठभेड़, पांच जवान घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में बुधवार को और उग्र रूप ले लिया. छोटानागरा थानाक्षेत्र के बलिबा और चडराडेरा के बीच जंगल में हुई इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन 205 के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सहित कुल 5 जवान घायल हो गए हैं.जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को इनपुट मिला था कि कुख्यात नक्सली नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते के साथ इलाके में सक्रिय है. इसी सूचना पर पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया. ऑपरेशन के दौरान जंगल में नक्सलियों से आमना-सामना होते ही दोनों ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई.मुठभेड़ के दौरान इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर घायल हो गए. अन्य जवान-जितेंद्र राय, उत्तम कुमार सेनापति, शैलेश कुमार दुबे और प्रेम को गोली लगने से चोटें आई हैं. शैलेश कुमार दुबे के गर्दन में, उत्तम कुमार सेनापति के हाथ में और अन्य जवानों के पैरों में गंभीर चोटें बताई जा रही हैं. सभी घायलों को बाइक से हेलीकॉप्टर के पास लाया गया और एयरलिफ्ट किया गया. घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. दुर्गम जंगल क्षेत्र होने के कारण सभी घायलों को बलिबा गांव से हेलीकॉप्टर के जरिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया.सूत्रों के मुताबिक सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सलियों को भी भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है.

## बाराबानी में विधान उपाध्याय के समर्थन में श्राबंती चटर्जी ने चुनावी प्रचार किया

**आसनसोल :** टॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी एक बार फिर पश्चिम बंगाल की राजनीति में सक्रिय नजर आ रही हैं. 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ने के बाद उन्होंने पार्टी से दूरी बना ली थी और बाद में तृणमूल कांग्रेस के कार्यक्रमों में दिखाई देने लगीं. अब 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने जोरदार प्रचार अभियान शुरू कर दिया है.मंगलवार शाम श्राबंती चटर्जी ने बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार बिधान उपाध्याय के समर्थन में जनसभाएं कीं. उन्होंने दोपहर के समय इटापारा पंचायत के इटापाड़ा गांव स्थित एक फुटबॉल मैदान में लोगों को संबोधित किया और उसके बाद पुरानाचट्टी गांव में भी सभा की. अपने संबोधन में उन्होंने सीधे तौर पर आम जनता से तृणमूल उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की.

सभा में जैसे ही वह पहुंचीं, स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया और नारों से माहौल गूंज उठा. श्राबंती ने कहा कि इस इलाके में आकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है और लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है. उन्होंने 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार की भारी जीत सुनिश्चित करने की अपील की.अपने भाषण के दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए उन्हें मेहनती और अच्छा इंसान बताया. उन्होंने कहा कि उन्होंने ममता बनर्जी के साथ काफी समय बिताया है और इसी वजह से वह उनके नामित उम्मीदवारों को जिताने की अपील कर रही हैं.कार्यक्रम के दौरान श्राबंती बच्चों के बीच भी गईं और उनसे जुड़ने के लिए एक प्यारी कविता सुनाई, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया.इस मौके पर मंच पर बिधान उपाध्याय के अलावा बाराबनी ब्लॉक अध्यक्ष असित सिंह और संगठन से जुड़े सुकुमार साधु भी मौजूद थे.

## न्युवोको विस्टास ने दर्ज की मजबूत वृद्धि, क्षमता विस्तार की ओर तेजी से अग्रसर

**जमशेदपुर:** बिल्डिंग मटीरियल क्षेत्र की अग्रणी कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अपने प्रभावशाली वित्तीय नतीजों की घोषणा की है. कंपनी ने इस दौरान मजबूत परिचालन प्रदर्शन के दम पर आय, मुनाफे और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है. कंपनी की सीमेंट बिक्री वित्तवर्ष 2026 में 20.4 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है. वहीं, कंसोलिडेटेड आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 11,362 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. सबसे उल्लेखनीय वृद्धि एबिटिडा में देखी गई, जो 35 प्रतिशत बढ़कर 1,881 करोड़ रुपये हो गया. टैक्स के बाद मुनाफा भी वित्तवर्ष 2025 के 22 करोड़ रुपये से बढ़कर 360 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. प्रीमियम उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई, जो उद्योग में उच्चतम स्तर पर है. कंपनी वडराज सीमेंट प्लांट में क्लिंकर और ग्राइंडिंग यूनिट्स को चरणबद्ध तरीके से वित्तवर्ष 2027 की तीसरी तिमाही से शुरू करने की दिशा में कार्यरत है. इसके अलावा, पूर्वी क्षेत्र में वित्तवर्ष 2028 तक 4 एमएमटीपीए क्षमता विस्तार की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है. इन विस्तार योजनाओं के पूर्ण होने के बाद कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता लगभग 35 एमएमटीपीए हो जाएगी. साथ ही, गुजरात के सचाना में लगभग 1.5 एमएमटीपीए क्षमता वाला एक बल्क टर्मिनल भी स्थापित किया जाएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स और वितरण नेटवर्क को और मजबूती मिलेगी. इस संबंध में कंपनी के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि वित्तवर्ष 2026 न्युवोको के लिए निर्णायक रहा है, जिसमें वॉल्यूम, आय और लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कंपनी ने प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान, व्यापार चेनलों की मजबूती और लागत नियंत्रण की रणनीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया है.

## जीबीएम कॉलेज में बीस दिवसीय जीवन विद्या कोर्स के अठारहवें दिन अभिभावक-शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन



**युवा शक्ति न्यूज**
**गयाजी :** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निर्देशानुसार दर्शनशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में रिफ्लेक्शन ऑन वैल्यूज पर चलाए जा रहे बीस दिवसीय कोर्स के अठारहवें दिन प्रतिभागी छात्राओं के माता-पिता सावित्री महाजन सभागार में आयोजित पेरेंट्स-टीचर्स मीट में शामिल हुए. छात्राओं ने प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, अतिथि डॉ रामेश्वर प्रसाद यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, जन समाधान पार्टी, जीवन विद्या के प्रशिक्षक आचार्य नवीन कुमार, दर्शन शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, बैठक में शामिल प्रतिभागियों के अभिभावकों की उपस्थिति में जीवन विद्या कोर्स के दौरान सीखी गयीं मूल्य आधारित बातों, सफल जीवन से संबंधित तथ्यों, अनुभवों, एवं कोर्स करने के बाद स्वयं के विचार व व्यवहार में आए सकारात्मक परिवर्तनों को साझा किया.अभिभावक किशोर कुमार सिंह, प्रियंका मिश्रा, राम नाथ साह, सानिया कुमारी, कपूर देवी, नीरज कुमार, गायत्री देवी, मीरा देवी आदि ने जीवन विद्या कोर्स को एक अत्यंत महत्वपूर्ण कोर्स बताया, जिसके द्वारा युवाओं को सही ढंग से जीवन जीने की कला सिखलाई जाती है.अभिभावकों ने कोर्स करने के उपरांत अपने बच्चों के विचार एवं व्यवहार में आए अच्छे परिवर्तनों के बारे में बताया.अभिभावकों के समक्ष कोर्स में नियमित रूप से भाग ले रही पंजीकृत छात्रा खुशी राज, मुस्कान परवीन, कुमारी हर्षिता, साधना प्रिया, दीपशिखा मिश्रा, गीतांजलि, अनीषा, कुमकुम, सृष्टि, प्रेमलता, नैना, सिमरन व अन्य ने सुखी होने और खुश होने के बीच के अंतर, मूल्य और कीमत के बीच स्थित विभेद, मानव के प्रकार, अंतर्संबंधों के बीच सामन्जस्य, क्रोध पर नियंत्रण रखने, जीवन झेलने एवं जीने में अंतर, ईर्ष्या, द्वेष, डर एवं भय से मुक्ति, आचरण, दया, करुणा, सुख, अच्छाई आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सिखलायी गयी बातों को एवं अनुभूतियों को साझा किया.छात्राओं ने फीडबैक देते हुए कहा कि कोर्स के दरम्यान उन्होंने संबंधों में आचरण के साथ जीने की कला एवं राक्षस मानव से देव मानव बनने के लिए जरूरी गुणों को सीखा.आचार्य नवीन ने छात्राओं से जीवन विद्या कोर्स में सिखलाए गये आचरण एवं जीवन मूल्यों से संबंधित प्रश्न पूछे.छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिए.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या ने छात्राओं को परिवार की परिभाषा समझाते हुए धरती पर निवास कर रहे पशु, पक्षी, जीव-जंतु, व पूरी प्रकृति को भी परिवार का हिस्सा बतलाया. अतिथि के रूप में शामिल डॉ रामेश्वर प्रसाद यादव ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बतलाते हुए प्रधानाचार्या डॉ पटेल की पहल को अनुकरणीय बतलाया.उन्होंने कहा कि इस तरह के कोर्सेज मगध विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों में भी चलाए जाने की जरूरत है.डॉ पूजा राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया.कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि जीवन विद्या कोर्स में सौ से अधिक छात्राओं ने पंजीकरण करवाया है.छात्राओं की नियमित उपस्थिति के आधार पर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को कोर्स के बीसवें दिन प्रधानाचार्या डॉ पटेल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा.